॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

५९

॥ श्रीः ॥

आपस्तम्बगृह्यसूत्रम्

श्रीहरदत्तमिश्रविरचितयाऽनाकुलया वृत्त्या

श्रीसुदर्शनाचार्यविरचितेन तात्पर्यदर्शनेन च

व्याख्यानेन समलङ्कृतम्

तच्च

महामहोपाध्याय अ० श्रीचिन्नस्वामिशास्त्रिणा

विषमस्थलटिप्पण्या समलङ्कृत्य सम्पादितम्

(तस्यायं द्वितीयं संस्करणम्)

हिन्दी व्याख्याकार तथा भूमिकालेखक

डॉ० उमेशचन्द्र पाण्डेय

एम० ए०, पी-एच० डी०

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

१९७१

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

59

******

ĀPASTAMBA-GṚHYA-SŪTRA

With the 'Anākulā' Commentary

OF

ŚRĪ HARDATTA MIŚRA,

THE 'TĀTPARYADARŚANA' COMMENTARY

OF

ŚRI SUDARŚANĀCĀRYA

AND

Notes in Sanskrit

BY

MAHĀMAHOPĀDHYĀYA

A. CHINNASVMĀI

Edited with

Hindi Translation, Explanatory Notes,

Critical Introduction & Index

BY

DR. UMESH CHANDRA PANDEY

M. A., Ph. D.

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

VARANASI-1

1971

दो शब्द

'आपस्तम्ब-गृह्यसूत्र' के द्वि० संस्करण की विस्तृत भूमिका, हिन्दी अनुवाद तथा व्याख्यात्मक टिप्पणियों के साथ प्रस्तुत करते हुए मुझे यह सन्तोष है कि इसके पूर्व प्रकाशित मेरे 'गौतमधर्मसूत्र' तथा 'आपस्तम्बधर्मसूत्र' के संस्करण आधुनिक अध्ययन की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हुए हैं। प्रस्तुत गृह्यसूत्र भी उसी दिशा में एक प्रयास है।

इस ग्रन्थ में सूत्रों का सरल हिन्दी अनुवाद देने का प्रयत्न किया गया है। जहाँ सूत्र के स्पष्टीकरण के लिए व्याख्या आवश्यक है, वहाँ टिप्पणियाँ भी दी गयी हैं। प्रस्तावना में गृह्यसूत्र साहित्य पर, 'आपस्तम्बगृह्यसूत्र' के सभी पहलुओं पर तथा प्रमुख संस्कारों पर समालोचनात्मक दृष्टि से विस्तृत विवेचन किया गया है। अन्त में सूत्रों में उल्लिखित विषयों एवं नामों की अनुक्रमणिका भी दी गयी है, जो अनुसन्धित्सुओं के लिए सुविधाजनक होगी।

मुद्रण और प्रकाशन का सारा श्रेय चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस के संचालकों एवं सम्पादकों को है। उन्हें अपनी ओर से धन्यवाद देना मेरा कर्तव्य है। इस रचना में मेरा अपना जो कुछ है वह उसे ही समर्पित करता हूँ, जिसकी प्रेरणा से इसे प्रस्तावना आदि के साथ पूरा कर सका हूँ। अन्य सूत्रग्रन्थों के संस्करणों के समान प्रस्तुत ग्रन्थ भी उपादेय सिद्ध होगा, यही आशा है।

निर्जला एकादशी
वि० सं० २०२८

—उमेशचन्द्र पाण्डेय

प्रस्तावना सूची

ग्रन्थ सूची

परिशिष्टम्

प्रस्तावना

वेदाङ्ग

वेद एक दुरूह विषय है। उसका अर्थ जानने के लिए अनेक विषयों का परिचय होना आवश्यक माना गया और वेदज्ञान में उपकारक जिन ग्रन्थों की रचना हुई उन्हें वेदाङ्ग नाम से पुकारा गया है। 'अङ्ग' शब्द का अर्थ है 'उपकारक'—"अंग्यन्ते ज्ञायन्ते अमीभिरिति अङ्गानि" जिनके द्वारा किसी वस्तु के स्वरूप को जानने में सरलता हो उन्हें 'अङ्ग' कहते हैं। वेदाङ्ग नाम की रचनाओं में वेद का मुख्यतः दो दृष्टियों से अध्ययन किया गया है—भाषाविषयक अथवा अर्थज्ञान सम्बन्धी—जिनके अन्तर्गत निरुक्त, व्याकरण, छन्द, शिक्षा नाम की रचनाएँ आती हैं। दूसरी दृष्टि कर्मकाण्डविषयक है। इस प्रकार की वेदाङ्ग रचनाएँ कल्प और ज्योतिष हैं। वेदाङ्ग के अन्तर्गत छः प्रकार की रचनाएँ आती हैं—

शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष। वैदिक मंत्रों के शुद्ध और स्वर के नियम के अनुसार उच्चारण करने के लिए शिक्षाशास्त्र का ज्ञान आवश्यक होता है। वेद का मुख्य प्रयोजन कर्मकाण्ड या यज्ञक्रिया है, जिसका व्यवस्थित विवेचन 'कल्प' नाम के वेदाङ्ग में किया गया है। शब्द की रचना के ज्ञान के लिए, प्रकृति तथा प्रत्यय के ज्ञान के लिए 'व्याकरण' वेदाङ्ग का अध्ययन अनिवार्य है। वैदिक पदों के निर्वचन का ज्ञान 'निरुक्त' से होता है। अधिकांश वैदिक रचनाएँ छन्दों में हैं। उनका शुद्ध पाठ तभी हो सकता है जब छन्द का ज्ञान हो, मात्राओं और अक्षरों का ज्ञान हो और इसके लिए 'छन्दःशास्त्र' भी वेदाङ्ग है। यज्ञों का अनुष्ठान नक्षत्रों के अनुसार होता है और नक्षत्रों के ज्ञान के लिए ज्योतिष भी एक सहायक शास्त्र है। इस प्रकार इन छः वेदाङ्गों का अपना विशिष्ट प्रयोजन है।

"मन्त्रों के उचित उच्चारण के लिए शिक्षा का, कर्मकाण्ड और यज्ञीय अनुष्ठान के लिए कल्प का, शब्दों के रूपज्ञान के लिए व्याकरण का, अर्थज्ञान के लिए शब्दों के निर्वचन के निमित्त निरुक्त का, वैदिक छन्दों की जानकारी के लिए छन्द का तथा अनुष्ठानों के उचित कालनिर्णय के लिए ज्योतिष का उपयोग है और इनकी उपयोगिता के कारण ये छहों 'वेदाङ्ग' माने जाते हैं।"

कल्प

वेद का प्रमुख प्रयोजन यज्ञ है। इस दृष्टि से 'कल्प' वेदाङ्ग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यज्ञों का विवेचन तो ब्राह्मण ग्रन्थों में भी किया गया है, किन्तु वे विवेचन इतने जटिल हो गये थे कि उनको और स्पष्ट करने के लिए कल्पसूत्रों की रचना अनिवार्य हो गयी थी। "कल्प्यते समर्थ्यते यागप्रयोगोऽत्र" जिसमें यज्ञ के प्रयोगों का समर्थन या कल्पना की जाय। अथवा कल्प वेदविहित कर्मों की क्रमपूर्वक व्यवस्था करनेवाला शास्त्र है।

"कल्पो वेदविहितानां कर्मणामानुपूर्वेण कल्पनाशास्त्रम्।"

सूत्र साहित्य

सूत्र साहित्य भारतीय वाङ्मय का एक अनूठा वर्ग है और यह अपनी विशिष्ट शैली के कारण अन्य सभी प्रकार की रचनाओं से भिन्न है। वैदिक साहित्य में सूत्रों का काल अध्ययन और चिन्तन की एक परम्परा का प्रतिनिधि है। सूत्र साहित्य एक ऐसी शृङ्खला है जो वैदिक साहित्य को परवर्ती संस्कृत साहित्य से जोड़ती है। जैसा कि मैक्स मूलर ने कहा है, इन सूत्रों की शैली का परिचय उसी व्यक्ति को मिल सकता है जिसने इन्हें समझने का प्रयत्न किया है और इनका शाब्दिक अनुवाद तो सम्भव हो ही नहीं सकता।

सूत्र का अर्थ है धागा, और सूत्रों में छोटे, चुस्त, अर्थगर्भित वाक्यों को मानो एक धागे में पिरोकर रखा जाता है। संक्षिप्तता इनकी विशेषता है। पश्चिमी विद्वानों ने इन सूत्रों की शैली पर बहुत आलोचनात्मक ढंग से विचार किया है। प्रो० मैक्स मूलर ने 'हिस्ट्री आफ एंशियण्ट संस्कृत लिटरेचर' नाम की पुस्तक में सूत्र साहित्य के सन्दर्भ में लिखा है—

"Every doctrine thus propounded, whether Grammar, metre, law or philosophy, is reduced to a mere skelton. All the important points and joints of a system are laid open with the greatest precision and cleasness, but there is nothing in these works like connection or development of ideas."

—Page 37

(इस प्रकार जिस शास्त्र का प्रतिपादन किया गया हैं, वह चाहे व्याकरण हो, छन्द, धर्मशास्त्र या दर्शन हो, उसे एक ढाँचा मात्र बना दिया गया है। किसी भी विचारधारा के सभी प्रमुख तथ्यों और सम्बन्धों को सूक्ष्मतम और अत्यन्त स्पष्ट रूप से खोल कर रख दिया गया है किन्तु इन रचनाओं में अन्विति या अर्थ के विकास जैसी कोई वस्तु नहीं है)।

कोलब्रूक ने भी इसी प्रकार का विचार व्यक्त किया है—

"Every apparent simplicity of design vanishes in the perplexity of the structure. The endless pursuit of exceptions and limitations so disjoins the general precepts. that the reader cannot keep in view their intended connection and mutual relation. He wonders in an intricate maze, and the clue to the labyrinth is continually slipping from his hands"

(इस शैली की बाहर से दिखायी पड़नेवाली सरलता रचना की जटिलता में लुप्त हो जाती है। अपवादों एवं बाधों की अनन्त शृंखला सामान्य सिद्धान्त को इतना व्यवच्छिन्न कर देती है कि पाठक उनके अभिप्रेत सम्बन्ध तथा पारस्परिक अन्विति को ध्यान में नहीं रख सकता। पढ़नेवाला पेचीदा भूलभुलैया में चकित होकर रह जाता है और इससे निकलने का संकेतचिह्न निरन्तर उसके हाथों से छूटता रहता है।)

सूत्र रचनाओं में शास्त्रीय विषय को व्यवस्थित रूप में संक्षिप्त शैली में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे उसे याद किया जा सके। विण्टरनित्स के शब्दों में 'विश्व के सम्पूर्ण साहित्य में इन सूत्रों की तरह की कोई रचना नहीं है। इस प्रकार की रचनाओं में यथासम्भव थोड़े से शब्दों में सिद्धान्त को व्यक्त करना ही रचयिता का उद्देश्य होता है, भले ही स्पष्टता और बोधगम्यता का बलिदान करना पड़े। वैयाकरण पतञ्जलि का यह कथन प्रायः उद्धृत किया जाता है कि "सूत्रकार आधी मात्रा की बचत पर उतना ही आनन्दित होता है जितना पुत्रजन्म पर।"

("There is probably nothing like these sūtras of the Indians in the entire literature of the world. It is the task of the author of such a work to say as much as possible in as few words as possible, even at the expense of clearness and intelligibility." Histoty of Indian Literature, p. 235.)

सूत्रों की शैली की आलोचनाएँ इस सीमा तक की गयी हैं कि प्रो० मैक्स मूलर ने भी इन्हें नीरस कहने में संकोच का अनुभव नहीं किया है। अपने ग्रन्थ "हिस्ट्री आफ एंशियेण्ट संस्कृत लिटरेचर" में उन्होने कहा है—

"There is no life and no spirit in these Sūtras, except what either a teacher or a running Commentary, by which these works are usually accompanied, may impart to them."

—Page 65.

सूत्र रचनाओं की शैली के विषय में जितनी आलोचना क्यों न हो, इस विषय में दो मत नहीं हो सकता कि मौखिक उपदेश के समय इनकी संक्षिप्त शैली एक आवश्यकता बन गयी और इनकी विशिष्ट शैली के कारण ही इनमें से अधिकांश की रक्षा हो सकी, अन्यथा लेखन के अभाव में इनका सर्वथा लोप ही हो गया होता। सूत्रों की इस विशिष्ट शैली के अन्तर्गत ही एक नये प्रकार की पारिभाषिक शब्दावली का भी विकास हुआ। इसका समीकरण मैक्स मूलर ने बीजगणित के सूत्रों से किया है। इस विशिष्ट शब्दावली को 'परिभाषा' अध्याय के अन्तर्गत पढ़ा जाता है। व्याकरण के सूत्रों में तो यही विशिष्ट शब्दावली ही अर्थबोध की कुञ्जी बन गयी है। मैक्स मूलर ने इस परिभाषावली के विषय में कहा है—

"they coin a new kind of language, if language it can be called, by which they succeed in reducing the whole system of their tenets to a mere algebraic formulas."

सूत्र साहित्य की प्राचीन रचनाओं में अनेक शताब्दियों के ज्ञान का भण्डार एकत्र किया गया है। वे शताब्दियों के चिन्तन, मनन और अध्ययन के परिणाम हैं और उन्हें जो रूप प्राप्त हुआ है वह भी अनेक शताब्दियों की अनवरत परम्परा का परिणाम है। भारतीय परम्परा में वेद को श्रुति कहा गया है और वह अपौरुषेय माना गया है, अर्थात् वेदान्तर्गत प्राचीन रचनाएँ—संहिता, ब्राह्मण—मनुष्यकृत रचनाएँ नहीं हैं। वे ऋषियों द्वारा दृष्ट हैं, उनके द्वारा रचित नहीं हैं। सम्पूर्ण वेदाङ्ग साहित्य वेद पर आधृत होने पर भी श्रुति से भिन्न है और उसे अपौरुषेय न मानकर आचार्यों की रचनाओं के रूप में स्वीकार किया गया है। कल्प के अन्तर्गत आनेवाली सूत्रशैली की रचनाएँ भी श्रुति से भिन्न हैं। श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र नाम की सभी रचनाएँ श्रुति से भिन्न अर्थात् स्मृति हैं। यदि ब्राह्मणों और परवर्ती काल के मन्त्रों के साथ तुलना करें, तो हमें सूत्रों में ऐसी कोई बात नहीं मिलती जिसके कारण उन्हें श्रुति में सम्मिलित न किया जाय। हाँ, इसका एक ठोस कारण हो सकता है उनकी बाद के समय की रचना। इनके मनुष्यों द्वारा लिखित होने का स्पष्ट ज्ञान है, यथा—

"यथैव हि कल्पसूत्रग्रन्थानितरांगस्मृति-निबन्धनानि चाध्येत्रध्यापयितारः स्मरन्ति तथाश्वलायन-बौधायनापस्तम्बकात्यायनप्रभृतीन् ग्रन्थकारत्वेन।"

श्रुति के विपरीत स्मृति में न केवल सूत्र रचनाएँ आती हैं, अपितु मनु,

याज्ञवल्क्य, पाराशर आदि के श्लोक में निबद्ध ग्रन्थ भी आते हैं, जिन्हें स्पष्टतः स्मृति कहा गया है।

स्मृति का आधार भी श्रुति ही है। श्रुति से स्वतन्त्र रूप में स्मृति की प्रामाणिकता नहीं होती। जैसा कि कुमारिल ने कहा है इनके नाम से ही यह तथ्य स्पष्ट है—

पूर्वविज्ञानविषयज्ञानं स्मृतिरिहोच्यते।
पूर्वज्ञानाद्विना तस्याः प्रामाण्यं नावधार्यते॥

इस प्रकार सूत्रों के दो विस्तृत वर्ग किये जाते हैं—श्रौतसूत्र और स्मार्तसूत्र। इनमें श्रौतसूत्र तो वे हैं जिनके स्रोत श्रुति में मिलते हैं और स्मार्त वे हैं जिनका इस प्रकार का कोई स्रोत नहीं है। यह स्मरणीय है कि जिन विषयों का विवेचन सूत्रों—श्रौत, गृह्य और सामयाचारिक सूत्रों—में किया गया है, उन्हीं का प्रतिपादन श्लोकबद्ध स्मृतियों में भी किया गया है।

सूत्र भी स्मृति हैं इस सम्बन्ध में कुमारिल का निम्नलिखित कथन उल्लेखनीय है—

यद्यपि स्मृतिशब्देन नाङ्गानामभिधेयता।
यथाप्येषां न शास्त्रत्वप्रमाणत्वनिराक्रिया॥

सूत्रों के साथ भी ऋषियों के नाम संयुक्त हैं, किन्तु ये नाम व्यक्तियों के द्योतक हैं, चरण के नहीं।

"यथा च कठादिचरणैरनादिभिः प्रोच्यमानानामनादिवेदशाखानामनादिसमाख्यासम्भवो नैवं नित्यावस्थितमशकादिगोत्रचरणप्रवचननिमित्तसमाख्योत्पत्तिः। मशकबौधायनापस्तम्बादिशब्दा ह्यादिमदेकद्रव्योपदेशिन इति न तेभ्यः प्रकृतिभूतेभ्योऽनादिग्रन्थविषयसमाख्याव्युत्पादनसम्भवः॥"

वैदिक साहित्य में कल्प को वेदाङ्ग के अन्तर्गत रखा गया है। 'चरणव्यूह' के अनुसार—'शिक्षा, कल्पो, व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषम्' ये वेदाङ्ग हैं। आपस्तम्ब ने इन्हें इस क्रम में गिनाया है २. ४. ८ "षडंगो वेदः कल्पो व्याकरणं ज्योतिषं निरुक्तं शिक्षा"। कल्प सबसे पूर्ण वेदाङ्ग है, इसके अन्तर्गत सूत्रों का विशाल भण्डार समाहित है। ये सूत्र यज्ञ के नियमों के विषय में हैं। इनके महत्त्व के विषय में मैक्स मूलर ने ठीक ही कहा है—"कल्पसूत्रों का वैदिक साहित्य के इतिहास में अनेक कारणों से महत्त्व है। वे न केवल साहित्य के एक नये युग के द्योतक हैं और भारत के साहित्यिक एवं धार्मिक जीवन के एक नये प्रयोजन के सूचक हैं, अपितु उन्होंने अनेक ब्राह्मणों के लोप में योग दिया, जिनका अब केवल नाम ही ज्ञात है।"

"The Kalpa-sūtras are important in the history of Vedic literature for more than one reason. They not only mark a new period of literature, and a new purpose in the literary and religious life of India, but they contributed to the gradual extinction of the numerous Brāhmaṇas, which to us are therefore only known by name."—Page 166

वेद की सहायता या अध्ययन के बिना भी कल्पसूत्रों के आधार पर यज्ञ किये जा सकते हैं, किन्तु सूत्रों की सहायता के बिना ब्राह्मण या वेद के याज्ञिक विधान का ज्ञान प्राप्त करना कठिन ही नहीं, असम्भव है। कुमारिल ने कल्पसूत्र के महत्त्व के विषय में कहा है—

वेदादृतेऽपि कुर्वन्ति कल्पैः कर्माणि याज्ञिकाः।
न तु कल्पैर्विना केचिन्मन्त्रब्राह्मणमात्रकात् ॥

कल्पसूत्रों के महत्त्व के कारण ही इनके रचयिता स्वयं नयी शाखाओं के संस्थापक बन गये और उनकी शाखा में उनके सूत्र का ही प्रधान स्थान हो गया तथा ब्राह्मण और वेद का महत्त्व कुछ सीमा तक कम हो गया। यद्यपि सूत्र स्मृति थे, श्रुति नहीं, तथापि उन्हें स्वाध्याय के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया। विभिन्न चरणों एवं शाखाओं में सूत्र साहित्य के विकास के सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि कभी-कभी कल्पसूत्र शाखाओं के अन्तर्गत भिन्न होते हैं और कभी भिन्न नहीं होते हैं। शाखाओं के भेद एक कारण उनके स्वाध्याय का भेद है। कुछ कारण सूत्रों की भिन्नता भी है। अतः कई स्थानों पर जहाँ शाखा का भेद है वहाँ सूत्र का भी भेद है। यही बात महादेव ने हिरण्यकेशिसूत्र की टीका में कही है—

"तत्र कल्पसूत्रं प्रतिशाखं भिन्नमभिन्नमपि क्वचित् शाखाभेदेऽध्ययनभेदाद्वा सूत्रभेदाद्वा। आश्वलायनीयं कात्यायनीयं च सूत्रं हि भिन्नाध्ययनयोर्द्वयोर्द्वयोः शाखयोरकैकमेव। तैत्तिरीयके च समाम्नाये समानाध्ययने नानासूत्राणि। अनेन च सूत्रभेदे शाखाभेदः शाखाभेदे च सूत्रभेद इति परम्पराश्रय इति वाच्यम् ॥"

इसी आचार्य ने अर्वाचीन कहे जानेवाले सूत्रों की प्राचीनता के विषय में भी एक नवीन बात कही है कि वे सूत्र भी जिनके रचयिता अर्वाचीन मालूम पड़ते हैं, वस्तुतः शाश्वत हैं और प्राचीन ऋषियों से निःसृत हैं।

'न हि सूत्राणां कर्तृसम्बन्धिसंज्ञाद्यतनी किन्तु नानाकल्पगतासु तत्तन्नामकर्षिव्यक्तिषु नित्या तत्प्रणीतसूत्रेषु च नित्यां जातिमवलम्ब्य तिष्ठति यथा पुरुषनामाङ्कितशाखासु संज्ञा।'

कल्पसूत्र मुख्यतः चार प्रकार के हैं—

१—श्रौतसूत्र—श्रौत अग्नि से होनेवाले बड़े यज्ञों का विवेचन करनेवाले सूत्र ।

२—गृह्यसूत्र—गृह्य अग्नि में होनेवाले घरेलू यज्ञ का उपनयन, विवाह आदि संस्कारों का विवेचन करनेवाले सूत्र ।

३—धर्मसूत्र—चारों आश्रमों, चारों वर्णों तथा उनके धार्मिक आचारों का तथा राजा के कर्तव्यों का वर्णन करनेवाले सूत्र ।

४—शुल्बसूत्र—यज्ञ में वेदि आदि के निर्माण-विधि का वर्णन करनेवाले सूत्र ।

कल्पसूत्रों के शाखाभेद

कल्पसूत्रों की रचना के पहले ब्राह्मणग्रन्थों की विभिन्न शाखाएँ या चरण थे । ब्राह्मणों में किसी सूत्र का उल्लेख नहीं है, किन्तु ऐसा कोई सूत्र नहीं है, जिसमें ब्राह्मणों की विविध शाखाओं के नामों का उल्लेख न हो । सूत्रों की रचना के साथ-साथ कुछ नयी शाखाओं या चरणों का विकास हुआ । आश्वलायन और कात्यायन की शाखाएँ ऐसी ही हैं । कुछ सूत्र तो प्राचीन हैं और उनका सम्बन्ध ब्राह्मणग्रन्थों की शाखाओं से ही है । सूत्ररचनाओं के तिथिक्रम के विषय में प्रो० मैक्स मूलर ने इस तथ्य की ओर संकेत किया है कि शाखाओं की परम्परा के आधार पर भी सूत्रों के काल का संकेत किया गया है । उदाहरण के लिए तैत्तिरीय शाखा का प्राचीनतम सूत्र बौधायन का है । उनके बाद भारद्वाज, आपस्तम्ब, सत्याषाढ, हिरण्यकेशी, वधून और वैखानस के सूत्र हैं । इनमें अन्तिम दो को छोड़कर अन्य के नाम पर विभिन्न चरणों का नाम पड़ा है । यद्यपि कोई भी सूत्र किसी चरण की स्थापना का उद्देश्य लेकर नहीं रचा गया था, तथापि इसे विभिन्न वर्गों ने एक नये चरण का रूप दे दिया ।

शाखाओं की भिन्नता स्वाध्याय के आधार पर उत्पन्न हुई है । आश्वलायन और कात्यायन के कल्पसूत्र दोनों शाखाओं मे समान हैं, किन्तु तैत्तिरीयसंहिता से सम्बद्ध सूत्र भिन्न-भिन्न शाखाओं के हैं । कभी-कभी सूत्र के भेद के साथ ही शाखाभेद की उत्पत्ति हुई है ।

हिरण्यकेशी-सूत्र के व्याख्याकार महादेव ने तो सूत्रों का सम्बंध भी अपौरुषेय कही जानेवाली वैदिक रचनाओं से जोड़ा है—

"यथाध्ययनभेदाच्छाखाभेदोऽनादिरेव सूत्रभेदादपि । न हि सूत्राणां कर्तृसम्बन्धिसंज्ञाद्यतनी किन्तु नानाकल्पगतासु तत्तन्नामकर्षिव्यक्तिषु

नित्या तत्प्रणीतसूत्रेषु च नित्यां जातिमवलम्ब्य तिष्ठति यथा पुरुष-नामाङ्कितशाखासु संज्ञा ॥"

इस प्रकार महादेव ने शाखा से मंत्रों और ब्राह्मणों की परम्परा का अर्थ लिया है। शाखा के अन्तर्गत अङ्ग भी आ सकता है और उसके होने पर भी हम उसे वेद मान सकते हैं।

"ननु स्वाध्यायैकदेशो मन्त्रब्राह्मणात्मकः शाखेत्युच्यते। तयोर्मन्त्र-ब्राह्मणयोरन्यतरभेदेन वेदेऽवान्तरशाखाभेदः स्यादिति चेत्। सत्यम् यथा साङ्गः स्वाध्यायो वेदशब्दवाच्य एवं शाखापि साङ्गैव वेदैकत्वेन शाखान्तरत्वं लभते। तत्राङ्गस्य सूत्रस्य भेदाद्भिद्यत एव स्वाध्यायाध्य-यनमिति भवतु चरणभेद एव शाखाभेदव्यवहारे हेतुः। तथा च यथा शाखाध्ययनं नियतं तथा सूत्राध्ययनमपि।"

प्रो० मैक्स मूलर ने कल्पसूत्रों की निम्नलिखित सूची प्रस्तुत की है—

शुक्लयजुर्वेद

१. आपस्तम्ब,	मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।
२. बौधायन,	मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।
३. सत्याषाढ हिरण्यकेशी,	मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।
४. मानवसूत्र,	विस्तृत खण्डों में उपलब्ध।
५. भारद्वाजसूत्र,	उद्धृत।
६. वाधूनसूत्र,	उद्धृत।
७. वैखानससूत्र,	उद्धृत।
८. लौगाक्षिसूत्र,	उद्धृत।
९. मैत्र-सूत्र,	उद्धृत।
१०. कठसूत्र,	उद्धृत।
११. वाराहसूत्र,	उद्धृत।

शुक्लयजुर्वेद

१. कात्यायन-सूत्र, मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।

सामवेद

१. मशक आर्षेय कल्प, मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।

२. लाट्यायन-सूत्र (कौथुम), मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।

३. द्राह्यायणसूत्र (राणायनीय) मूल तथा व्याख्या उपलब्ध।

ऋग्वेद

१. आश्वलायनसूत्र, मूल तथा व्याख्या उपलब्ध ।

२. शांख्यायनसूत्र, मूल तथा व्याख्या उपलब्ध ।

३. शौनकसूत्र, मूल तथा व्याख्या उपलब्ध ।

अथर्ववेद

१. कौशिकसूत्र, मूल उपलब्ध ।

गृह्यसूत्र

सूत्र साहित्य के अन्तर्गत श्रौतसूत्र के अतिरिक्त गृह्य और सामयाचारिक-सूत्र भी आते हैं । गृह्यसूत्रों और सामयाचारिक अथवा धर्मसूत्रों को स्मार्तसूत्र के वर्ग में रखा जाता है ।

गृह्यसूत्रों में मुख्यतः उन याज्ञिक कर्मों और संस्कारों का वर्णन है, जिनका सम्बन्ध मुख्यतः गृहस्थ से है । एक ओर जहाँ श्रौतसूत्रों में दर्श, पूर्णमास, पिण्डपितृयाग, आग्रयणेष्टि, चातुर्मास्य, निरूढ पशु, सोमयाग, सत्र, गवामयन, वाजपेय, राजसूय, सौत्रामणी, अश्वमेध, पुरुषमेध, एकाहयाग, अहीन नाम के यज्ञों का विवेचन है, तो दूसरी ओर धर्मसूत्रों में चार वर्णों और चार आश्रमों के कर्तव्यों का, शिष्टाचार, राजा के कर्तव्य, अतिथि-सत्कार, प्रायश्चित्त और सम्पत्ति के उत्तराधिकार से सम्बद्ध नियमों का विवेचन है । किन्तु गृह्यसूत्रों के विषय विविध हैं । इनमें संस्कारों का वर्णन प्रधान होने पर भी अनेक सामाजिक प्रथाओं और रीति-रिवाजों के भी वर्णन हैं । पञ्चमहायज्ञ, श्राद्धकर्म तथा आभिचारिक क्रियाओं के भी वर्णन हैं । गृह्यसूत्रों में वर्णित विषयों को इस प्रकार समझा जा सकता है ।—विवाह, सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चौलकर्म, उपनयन, समावर्तन संस्कार, प्रति वर्ष किये जानेवाले पञ्चमहायज्ञ, देवों, पितरों के लिए बलिकर्म, समिदाधान, तर्पण के अतिरिक्त वर्ष के विभिन्न अवसरों पर किये जानेवाले कर्म जैसे भवन निर्माण के समय के कर्म, नये अन्न के ग्रहण के कर्म, पृथ्वी पर सोने के लिए विधान, रोगी बालक या पत्नी के रोग को दूर करने के लिए अभिचारिक क्रियाएँ और श्राद्धकल्प का वर्णन ।

गृह्यसूत्रों के अन्तर्गत अनेक रोचक कर्मों का भी वर्णन किया गया है । इन कर्मों का सम्बन्ध प्रथाओं और रीतिरिवाजों से है । विण्टरनित्स के शब्दों में —

"The contents of the Gḥryasūtras are still more manifold, and in some respects more interesting. They contain directions for all usages, ceremonies and sacrifices by virtue of which the life of the Indian receives a higher 'sanctity', what the Indians call samskara, from the moment when he is conceived in the womb, till the hour of his death and still further through the death ceremonies and cult of the soul."—Page 238

'गृह्य' शब्द की व्याख्या अनेक प्रकार से की गयी है, आश्वलायनगृह्यसूत्र की व्याख्या के अनुसार गृह का अर्थ घर और पत्नी है। जैसे 'सगृहो गृहमागतः' में 'गृह' का प्रयोग 'पत्नी' और 'घर' दोनों ही अर्थों में हुआ है। गृह्यकर्म उस अग्नि में किये जाते हैं जो अग्नि विवाह के समय प्रज्वलित की जाती है। इस अग्नि या अग्नि की वेदी को गृह्य कहते हैं। किन्तु जैसा कि मैक्स मूलर का कथन है 'गृह' का पत्नी अर्थ होने में सन्देह है, अपितु उपर्युक्त प्रयोग में परिवार का ही अर्थ प्रतीत होता है। गृह्य का मौलिक अर्थ घर अथवा अग्नि की वेदी भी माना गया है, बड़े यज्ञों में अग्नि की कई वेदियाँ बनायी जाती थीं लेकिन गृह्यकर्मों में अग्नि की एक ही वेदी होती थी।

"Gṛhya, therefore, probably meant originally the house or the family-hearth, from gṛha, house, and it was in opposition to the great sacrifices for which several hearths were required, and which was called *Vaitanika,* that the domestic ceremonies were called gṛhya, as performed by means of one domestic fire."—मैक्स म्यूलर।

गोभिलसूत्र में इन कर्मों को 'गृह्यकर्माणि' कहा गया गया है और व्याख्याकार ने गृह्य का अर्थ स्मृति के आधार पर किये जानेवाले कर्म अथवा 'पत्नी के साथ किये जानेवाले कर्म' अर्थ ग्रहण किया है—

"अथातो गृह्यकर्माण्युपदेक्ष्यामः ॥ १ ॥ गृह्यशब्देन स्मार्तोग्निरुच्यते। तस्मिन् यानि कर्माणि तानि गृह्यकर्माणि। दीर्घत्वं छान्दसम्। अथवा गृह्या स्मृतिः, तस्यां यानि कर्माणि। अथवा गृह्या पत्नी। तया सहितस्य यानि कर्माणि।"

गृह्यसूत्रों के अनुसार जो कर्म किये जाते हैं उनका सामान्य नाम पाकयज्ञ है। 'पाक' का अर्थ पकाना नहीं है अपितु छोटा या पूर्ण अर्थ है। हरदत्त

का भी कथन है "पाकशब्दोऽल्पवचनः ।" छोटे के अर्थ में यह प्रयोग उद्धृत किया गया है : 'योऽस्मात् पाकतरः" । व्याख्याकार के अनुसार इसका अर्थ पूर्णता है । ये कर्म मनुष्य को योग्यता प्रदान करते हैं । सुदर्शनाचार्य के अनुसार "पाकेन पक्वेन चरुणा साध्यो यज्ञः पाकयज्ञः" पाकयज्ञ के अन्तर्गत निम्नलिखित संस्थाएँ आती हैं—औपासनहोम, वैश्वदेव, पार्वण, अष्टका, मासिश्राद्ध, सर्पबलि, ईशानबलि । गृह्यसूत्रों में जिन कर्मों का वर्णन है वे आचारलक्षण हैं । इनका ज्ञान प्रयोग या आचार से होता है, श्रुति से नहीं । 'आपस्तम्बगृह्यसूत्र' का प्रथम सूत्र है—

"अथ कर्माण्याचाराद्यानि गृह्यन्ते ।"

'अनाकुला' वृत्ति के रचयिता हरदत्त के शब्दों में—

"द्विप्रकाराणि कर्माणि—श्रुतिलक्षणानि आचारलक्षणानि च । तत्र श्रुतिलक्षणानि व्याख्यातानि । अथेदानीं यानि कर्माणि विवाहप्रभृतीनि आचारात् प्रयोगात् गृह्यन्ते, ज्ञायन्ते, न प्रत्यक्षश्रुतेः, तानि व्याख्यास्यामः ।"

पाकयज्ञ के भी कई विभाग किये गये हैं । पारस्करगृह्यसूत्र में पाकयज्ञ का वर्गीकरण चार वर्गों में किया गया है—हुत, आहुत, प्रहुत और प्राशित । बोधायनगृह्यसूत्र के अनुसार पाकयज्ञ सात प्रकार के हैं, हुत, प्रहुत, आहुत, शूलगव, बलिहरण, प्रत्यवरोहण तथा अष्टकाहोम । यज्ञ में आहुति देने को हुत कहा जाता है । आहुति के उपरान्त ब्राह्मणों को दक्षिणा देने पर प्रहुत होता है । यदि उसके उपरान्त कर्म करनेवाला उपहार प्राप्त करे तो आहुत होता है जैसे उपनयन और समावर्तन में ।

गृह्यसूत्रों में ११ से लेकर १८ संस्कारों तक का विवेचन किया गया है । पारस्करगृह्यसूत्र में निम्नलिखित १३ संस्कारों का विवेचन है—विवाह, गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूडाकर्म, उपनयन, केशान्त, समावर्तन, अन्त्येष्टि । आपस्तम्बगृह्यसूत्र में भी इन संस्कारों का विवेचन है—विवाह, गर्भाधान, उपनयन, समावर्तन, सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चौलकर्म, गोदानकर्म ।

गृह्यसूत्रों का सम्बन्ध विभिन्न वेदों से है । अधिकांश गृह्यसूत्रों का सम्बन्ध यजुर्वेद से है । तैत्तिरीय संहिता से सम्बद्ध बोधायन, भारद्वाज, हिरण्यकेशी, काठक, मैत्रायणीय गृह्यसूत्रों के भी उद्धरण उपलब्ध होते हैं । शुक्लयजुर्वेद के गृह्यसूत्रों की संख्या और भी अधिक प्रतीत होती है । वाजसनेयी शाखा के प्रत्येक चरण में कुल धर्म थे, जिनको गृह्यसूत्र या धर्मसूत्र माना जा सकता

है, किन्तु वाजसनेयी शाखा का केवल पारस्करगृह्यसूत्र ही इस समय उपलब्ध है। यहाँ विभिन्न वेदों के गृह्यसूत्रों के विषय में संक्षिप्त विवरण अपेक्षित है—

आश्वलायनगृह्यसूत्र—ऋग्वेद से संबद्ध आश्वलायनगृह्यसूत्र में चार अध्याय हैं, जिनका विभाजन कई खण्डों में किया गया है। इसमें प्राचीन आचार्यों के नाम मिलते हैं और वेद के अध्ययन के नियमों का विस्तार के साथ वर्णन किया गया है। हरदत्त की व्याख्या के साथ यह गृह्यसूत्र अनन्तशयन ग्रन्थमाला में प्रकाशित है।

शाङ्खायनगृह्यसूत्र—ऋग्वेद से संबद्ध दूसरा गृह्यसूत्र शाङ्खायनगृह्यसूत्र है। संस्कारों के वर्णन के अतिरिक्त इस गृह्यसूत्र के ६ अध्यायों में गृहनिर्माण, गृहप्रवेश आदि का भी वर्णन है। इस गृह्यसूत्र की रचना सुयज्ञ ने की है। इसका अंग्रेजी अनुवाद ओल्डेन बर्ग ने किया है।

कौषितकिगृह्यसूत्र—प्रायः शाङ्खायन और कौषीतक शाखा को एक ही माना जाता रहा है, किन्तु शाङ्खायन शाखा के गृह्यसूत्र के अतिरिक्त कौषीतक शाखा का भी कौषीतकि-गृह्यसूत्र उपलब्ध हुआ है। इसके रचयिता शाम्भव्य के नाम के आधार पर इस गृह्यसूत्र को शाम्भव्यगृह्यसूत्र भी कहा गया है। इस गृह्यसूत्र में शाङ्खायन गृह्यसूत्र में वर्णित विषय की दृष्टि से समानता अवश्य उपलब्ध होती है, तथापि दोनों सर्वथा भिन्न हैं। कौषीतकगृह्यसूत्र में ५ अध्याय हैं। इनमें प्रथम ४ अध्याय विषय की दृष्टि से शाङ्खायनगृह्यसूत्र के अनुरूप हैं। यह गृह्यसूत्र १९४४ ई० में मद्रास विश्वविद्यालय संस्कृत ग्रन्थावली में प्रकाशित हुआ है।

पारस्करगृह्यसूत्र—शुक्ल यजुर्वेद का एकमात्र गृह्यसूत्र पारस्करगृह्यसूत्र है। यह सर्वाधिक प्रख्यात गृह्यसूत्र है। इसमें तीन काण्ड है। प्रथम काण्ड में आवसथ्य अग्नि का आधान तथा गर्भधारण से आरम्भ कर अन्नप्राशन तक का वर्णन है। द्वितीय काण्ड में चूडाकरण, उपनयन, समावर्तन, पञ्चमहायज्ञ, श्रवणाकर्म, सीताकर्म का विवरण है। अन्तिम काण्ड में श्राद्ध, अवकीर्ण-प्रायश्चित्त की विधियों का वर्णन है। इस गृह्यसूत्र की कई व्याख्याएँ हुई हैं। इसके पाँच व्याख्याकार हैं कर्क, जयराम, हरिहर, गदाधर तथा विश्वनाथ। कर्कभाष्य के साथ पारस्करगृह्यसूत्र का संस्करण चौखम्बा संस्कृत सीरीज में प्रकाशित हुआ है। पाँच भाष्यों के साथ इस गृह्यसूत्र का संस्करण गुजराती प्रेस बम्बई से प्रकाशित है।

बौधायनगृह्यसूत्र—कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का गृह्यसूत्र बौधायनगृह्यसूत्र है। इसके अतिरिक्त इस शाखा के चार और गृह्यसूत्र उपलब्ध हैं। बौधायनगृह्यसूत्र अपने श्रौत तथा कल्प के साथ इस प्रकार संबद्ध है कि सम्पूर्ण

कल्प एक ग्रन्थ के रूप में प्रतीत होता है। इस गृह्यसूत्र का प्रकाशन गवर्नमेण्ट ओरियण्टल लाइब्रेरी मैसूर से हुआ है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र—आपस्तम्बगृह्यसूत्र भी कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से संबद्ध है। आपस्तम्बकल्प का प्रश्न २५, २६ गृह्यसूत्र है। इस गृह्यसूत्र में आठ पटल और तेईस खण्ड हैं। इसका सम्पादन डॉ० विण्टरनित्स ने १८८७ में किया और चौखम्बा संस्कृत सीरीज में इसका पहली बार प्रकाशन १९२८ में हुआ। इसका हिन्दी अनुवाद युक्त संस्करण प्रस्तुत है। ओल्डेनबेर्ग ने इसका अंग्रेजी अनुवाद 'सेक्रेड बुक्स आफ दि इस्ट' गन्थमाला ३० में किया है। इस गृह्यसूत्र के विषय में विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा।

हिरण्यकेशी-गृह्यसूत्र—कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का तीसरा गृह्यसूत्र हिरण्यकेशीगृह्यसूत्र भी उपलब्ध है। इसे सत्याषाढ़गृह्यसूत्र भी कहते हैं। इसका प्रथम संस्करण डॉ० क्रिष्टे ने वीयना से निकाला था और इसका अंग्रेजी अनुवाद भी 'सेक्रेड बुक्स आफ दि इस्ट' ग्रन्थमाला ३० में हुआ है।

भारद्वाजगृह्यसूत्र—कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का एक अन्य गृह्यसूत्र भारद्वाजगृह्यसूत्र है। यह लाइडेन से १९१३ ई० में प्रकाशित हुआ है।

मानवगृह्यसूत्र—कृष्णयजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा का यह गृह्यसूत्र अष्टावक्रभाष्य के साथ गायकवाड ओरिएण्टल सीरीज में प्रकाशित है।

काठकगृह्यसूत्र—काठकगृह्यसूत्र कृष्णयजुर्वेद की कठ शाखा से संबद्ध है। इसे लौगाक्षिगृह्यसूत्र भी कहते हैं। इसमें ७३ कण्डिकाएँ हैं अथवा पाँच अध्याय हैं। इसे 'गृह्यपञ्चिका' भी कहते हैं। इसकी तीन टीकाएँ उपलब्ध हैं। डॉ० कैलैण्ड ने इसका संस्करण लाहौर से प्रकाशित कराया था।

गोभिलगृह्यसूत्र—सामवेद से संबद्ध गृह्यसूत्रों में गोभिलगृह्यसूत्र प्रमुख है। यह सबसे प्राचीन है और कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। इसमें सामवेद और मन्त्रब्राह्मण के मन्त्रों के उद्धरण हैं। इसका संस्करण कलकत्ता से प्रकाशित है।

खदिरगृह्यसूत्र—सामवेद की राणायनीय शाखा का गृह्यसूत्र खदिरगृह्यसूत्र है जो गोभिलगृह्यसूत्र से मिलता-जुलता है। यह मैसूर से प्रकाशित है।

जैमिनीयगृह्यसूत्र—सामवेद से संबद्ध जैमिनीय गृह्यसूत्र दो खण्डों में विभक्त है। प्रथम खण्ड में २४ कण्डिकायें हैं और द्वितीय खण्ड में ९ कण्डिकायें है इसमें सामवेद के अनुसार ही मन्त्रों के उद्धरण हैं। इसका संस्करण लाहौर में प्रकाशित हुआ है।

कौशिकगृह्यसूत्र—अथर्ववेद से संबद्ध केवल एक ही गृह्यसूत्र उपलब्ध है कौशिकगृह्यसूत्र। इसमें १४ अध्याय हैं। इस गृह्यसूत्र की दो व्याख्याएँ उपलब्ध होती हैं जिनके लेखक हारिल और केशव हैं। इसमें यातुविद्या अथवा प्राचीन काल के जादू की अनेक क्रियाओं का वर्णन है और अथर्ववेद के कई आभिचारिक सूक्तों को समझने में सहायता मिलती है। वैद्यकशास्त्र के विषयों पर भी इस गृह्यसूत्र से प्रकाश पड़ता है। इसका संस्करण ब्लूमफील्ड ने १८९० में अमेरिका से प्रकाशित कराया और हिन्दी अनुवाद के साथ संस्करण १९४२ में मुजफ्फरपुर से प्रकाशित हुआ है।

गृह्यसूत्रों का उद्भव

वैदिक साहित्य के अत्यन्त प्राचीन अंशों में गृह्यकर्मों का वर्णन नहीं मिलता है। इसमें सन्देह नहीं कि गृह्यसूत्रों में वर्णित अनेक संस्कार सूक्तों की रचना के पहले भी प्रचलित थे। किन्तु यह अनुमान किया जा सकता है कि उस समय इन गृह्यकर्मों का स्वरूप अत्यन्त सरल था; उनमें यजुस् मन्त्रों का प्रयोग नहीं होता था। मन्त्रों की रचना के बाद ही उनका प्रयोग आरम्भ हुआ होगा। श्रौतयज्ञों में ही पहले मन्त्रों का प्रयोग आरम्भ हुआ जैसे सोमयज्ञ में। गृह्यसूत्रों में प्रयुक्त मन्त्रों के विषय में ओल्डनबेर्ग का कथन है—

"Some of these verses indeed are old Vedic verses, but we have no proof that they were composed for the purpose of the Gṛhya ceremonies, and the connection in which we find them in the Rig-veda proves rather the contrary."

—Sacred Books of the East. 30, P. X.

(इनमें से कुछ मन्त्र निश्चय ही प्राचीन मन्त्र हैं किन्तु हमें इसका प्रमाण नहीं मिलता कि उनकी रचना गृह्य संस्कारों के लिए हुई थी और हम उन्हें ऋग्वेद में जिस रूप में संबद्ध पाते हैं वह बिल्कुल इससे विपरीत स्थिति को ही प्रमाणित करता है।)

ओल्डेनबेर्ग का ही मत है कि ऋग्वेदिक काल के बाद के युग में विवाह तथा अन्त्येष्टि जैसे कर्मों में मन्त्रों का प्रयोग आरम्भ हो गया। दसवें मण्डल में विवाह तथा मृत्यु से संबन्धित मन्त्र मिलते हैं।

ब्राह्मण ग्रन्थों में ज्ञात होता है गृह्यकर्म की अहुतियाँ उस समय होती थीं। उदाहरण के लिए शतपथ ब्राह्मण १.४.२.१० में तथा १.७.१.३ में पाकयज्ञ का उल्लेख है। १.७.१.३ में स्थालीपाक का उल्लेख है। किन्तु ब्राह्मणों के काल में भी गृह्यकर्मों, पाकयज्ञ या स्थालीपाक का वर्णन करने

वाले ग्रन्थों का अभाव था। यदि ऐसी रचनाएँ उस समय रही होतीं तो उनका अवशिष्ट रूप या खण्डित रूप अवश्य मिलता। उन रचनाओं का उल्लेख कहीं न कहीं ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलता, किन्तु ऐसा नहीं है। ब्राह्मणों के समय गृह्यसूत्र जैसी रचनाएँ नहीं थीं इसका एक प्रणाण ओल्डेनबेर्ग ने यह प्रस्तुत किया है कि उनमें कहे स्थानों पर ऐसे विषयों का भी विवेचन है जिनका वर्णन गृह्यसूत्र में होना चाहिए था। यदि गृह्यसूत्र रचनाएँ थीं तो उन विषयों का विवेचन ब्राह्मण ग्रन्थों में करने को क्या आवश्यकता थी।

"Precisely this sporadic appearance of Gṛhya chapters in the midst of expositions of a totally different contents leads us to draw the conclusion that literary compositions did not then exist, in whieh these chapters would have occupied their proper place as integral part of a whole."

उदाहरण के लिए शतपथ ब्राह्मण ११.५.४ में उपनयन का विवेचन है। यह विवेचन भी ब्राह्मण ग्रन्थ की विशिष्ट शैली में किया गया है। बीच में एक ऐसा श्लोक भी दिया गया है जैसा श्लोक हम गृह्यसूत्रों में भी पाते हैं।

शतपथ ब्राह्मण में ही दूसरा उदाहरण ११. ५. ६१ है, जिसमें पञ्चमहायज्ञ का विवेचन किया गया है। आश्वलायनगृह्यसूत्र का तृतीय अध्याय भी बाकयज्ञ के विवेचन उसी भाषा में करता है जिस भाषा में ब्राह्मण में किया गया है। इस आधार पर ओल्डेनबेर्ग का कथन है कि आश्वलायन में जिस शैली को अपनाया गया है वह सूत्रों की शैली से भिन्न है और इसका कारण यही हो सकता है कि इस स्थल पर गृह्यसूत्र के रचयिता के सामने ब्राह्मण ग्रन्थ का विवेचन विद्यमान था, चाहे वह शतपथ ब्राह्मण हो या दूसरा कोई ब्राह्मण।

तीसरा उदाहरण शतपथ १४. ९. ४. १७ में मिलता है। इसमें विद्वान्, यशस्वी, वक्ता, वेद के विद्वान् पुत्र की उत्पत्ति के लिए आज्य आहुति का वर्णन है और गर्भाधान संस्कार, जातकर्म, आयुष्यकर्म मेधजनन क्रिया आदि का वर्णन है जो गृह्यसूत्रों की क्रियाओं के समान ही है। "यद्यपि गृह्यसूत्रों की सभी क्रियाओं के विषय में ऐसी बात नहीं है तथापि यह अनुमान किया जा सकता है कि इन क्रियाओं के अनेक अंश और मन्त्र उन क्रियाओं के साथ पहले संबद्ध थे, उन क्रियाओं का विकास सार्वभौम क्रियाओं या कर्तव्यों के रूप में नहीं हुआ अपितु व्यक्तियों के विशिष्ट कर्म के रूप में हुआ जो विशेष फल की कामना से इन क्रियाओं को करते थे।"

इस प्रकार ब्राह्मण-काल गृह्यसूत्रों में वर्णित क्रियाओं के विवेचन का

आरम्भकाल था। कुछ के विषय में विवेचन आरम्भ हो गया था। पाक-यज्ञ का ज्ञान हो चुका था और उनमें प्रयुक्त होने वाले कतिपय श्लोकों का भी विकास हो चुका था।

गृह्यसूत्रों को अपना वास्तविक रूप सूत्रकाल में मिला। श्रौतयज्ञों के बाद गृह्यकर्मों को भी स्थान मिला। श्रौतसूत्रों में ब्राह्मणों में विवेचित विषयों को ही प्रस्तुत किया गया, किन्तु गृह्यसूत्रों की शैली उनकी अपेक्षा अधिक सरल थी। यद्यपि गृह्यसूत्रों का मुख्य विषय स्थालीपाक था, तथापि उनमें ऐसे विषयों का भी विवेचन हुआ जो यज्ञ न होकर आभिचारिक क्रिया मात्र थे। किन्तु इन गृह्यसूत्रों का श्रौत और धर्मसूत्रों के साथ सम्बन्ध बना रहा। कई शाखाओं में सूत्र साहित्य का विस्तृत संकलन मिलता है जिसमें श्रौतसूत्र, गृह्य-सूत्र और धर्मसूत्र एक दूसरे के साथ संबद्ध हैं। उदाहरण के लिए आपस्तम्ब शाखा का सूत्र साहित्य कुल ३० प्रश्नों में है।

प्रश्न १—२४ श्रौतसूत्र।
प्रश्न २५—परिभाषा।
प्रश्न २६—गृह्यसूत्र के मन्त्र।
प्रश्न २७—गृह्यसूत्र।
प्रश्न २८-२९—धर्मसूत्र।
प्रश्न ३०—शुल्वसूत्र।

धर्मसूत्रों की अपेक्षा गृह्यसूत्रों का सम्बन्ध श्रौतसूत्र से अधिक है। ओल्डेन-बेर्ग के मत से इसका प्रमुख कारण यह है कि गृह्यकर्मों और श्रौतकर्मों में समानता है तथा गृह्य-क्रियाओं के विवेचन में श्रौत-क्रियाओं का ध्यान रखना आवश्यक है। इन कारणों से गृह्यसूत्र धर्मसूत्रों की अपेक्षा श्रौतसूत्र से अधिक संबद्ध हो गये हैं।

"The close analogy between the sacrificial ritual of the Gṛhya acts and that of the Srauta acts, and the consequent necessity of taking into account the Srauta ritual in the exposition of the Gṛhya ritual necessarily brought the Gṛhya-sutras into closer connection with and into greater dependance on the Srauta-Sūtras than in the case of the Dharma-Sūtras."

P. XXX.

प्रत्येक गृह्यसूत्र का संबन्ध किसी न किसी संहिता से है क्योंकि गृह्यसूत्र में संहिता के मन्त्रों को उद्धृत किया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक गृह्यसूत्र से

पहले श्रौत रचना के होने के भी संकेत स्पष्ट रूप से मिलते हैं। कभी-कभी श्रौतसूत्र का एकाध सूत्र भी गृह्यसूत्र में मिल जाता है। आश्वलायनगृह्यसूत्र के आरम्भिक सूत्र से ही यह ज्ञात हो जाता है कि यह गृह्यसूत्र श्रौतसूत्र का दूसरा खण्ड है। किन्तु तब यह प्रश्न उठता है कि इस प्रकार परस्पर संबद्ध श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र एक ही आचार्य की रचना हैं? परम्परा से इस विषय में कोई एक विचार नहीं है। कुछ सूत्रग्रन्थों के विषय में उनका एक ही लेखक द्वारा लिखित होना ज्ञात होता है। किन्तु कुछ के विषय में भिन्न-भिन्न आचार्यों को एक ही चरण के श्रौत तथा गृह्यसूत्र का रचयिता माना गया है। उदाहरण के लिए आश्वलायन, शांखायन, आपस्तम्ब तथा हिरण्यकेशी।

ओल्डेनबेर्ग का मत है कि परम्परा से जहाँ श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र का रचयिता एक ही आचार्य को माना गया है वहाँ उसका पूर्णरूप से विश्वास नहीं किया जा सकता। किन्तु दूसरी स्थिति में वह पूर्णतः विश्वसनीय है। उनके अनुसार यदि एक आचार्य के नाम से प्रख्यात श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र में परस्पर समानता है तो इसका कारण यह भी हो सकता है कि गृह्यसूत्र का रचयिता श्रौतसूत्र से परिचित रहा हो और उसने अपनी रचना को श्रौतसूत्र के अनुरूप बनाने का सोद्देश्य प्रयास किया हो। इसके विपरीत यदि एक ही आचार्य के नाम से प्रख्यात श्रौत तथा गृह्यसूत्रों की सूक्ष्मरूप से तुलना की जाय तो यह स्पष्ट दिखायी पड़ेगा कि दोनों में ऐसी अनियमितताएँ ऐसी असंगतियाँ हैं कि उनका भिन्न लेखकों द्वारा रचित होना सिद्ध होता है। इस प्रकार सम्प्रति यह स्वीकार्य नहीं है कि श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्रों की रचना एक ही आचार्य द्वारा हुई है।

दूसरी ओर गृह्यसूत्रों का धर्मसूत्रों के साथ सम्बन्ध भी विचारणीय है। जर्मन विद्वान् प्रो० ब्यूह्लर ने इस विषय पर 'सेक्रेड बुक्स आफ दी ईस्ट' ग्रन्थमाला, खण्ड २ में विचार किया है। उनके मतानुसार आपस्तम्ब धर्मसूत्र और आपस्तम्बगृह्यसूत्र एक ही आचार्य की रचनाएँ हैं। इसका कारण यह है कि आपस्तम्ब ने गृह्यसूत्र के कई विषयों का विवेचन धर्मसूत्र के अन्तर्गत किया है। इसके अतिरिक्त इन दोनों सूत्रों में एक दूसरे का उद्धरण तथा सन्दर्भ मिलता है। किन्तु इस सम्बन्ध में डॉ० ओल्डेनबेर्ग का मत भिन्न है।

उनके अनुसार गृह्यसूत्रों में गृहस्थ के दैनिक जीवन की घटनाओं, धार्मिक क्रियाओं और संस्कारों का वर्णन आरम्भ किया है। किन्तु वे मुख्यतः याज्ञिक क्रियाओं तक ही सीमित रह जाते हैं। इसके बाद धर्मसूत्र आगे महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं। वे व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन की प्रथाओं, रीति-

रिवाजों एवं संस्कारों के वर्णन का लक्ष्य लेकर चलते हैं। इस कारण स्वाभाविक रूप में धर्मसूत्र अन्य विषयों के साथ-साथ गृह्यसूत्रों में विवेचित विषयों को भी समेट लेते हैं। किन्तु उनका विस्तार से वर्णन न कर उनको सामान्य रूप में ही ग्रहण करते हैं। उनके अनुष्ठान सम्बन्धी नियमों की सूक्ष्म विवेचना नहीं करते हैं। (द्र०—से० बु० ई०, खण्ड ३० भूमिका, पृ० ३४)

गृह्यसूत्र और धर्मसूत्र के विषयों की समानताएँ मुख्यतः स्नातक के व्रत और अनध्याय के सम्बन्ध में नियमों के सन्दर्भ में ही द्रष्टव्य हैं। ये समानताएँ इतनी पर्याप्त नहीं हैं कि यह सिद्ध किया जा सके कि जहाँ भी गृह्यसूत्र और धर्मसूत्र एक ही आचार्य के नाम से प्रख्यात हैं वहाँ दोनों एक ही आचार्य की रचनाएँ हैं। धर्मसूत्रों का विषयक्षेत्र व्यापक है, उसमें गृह्यसूत्र के किसी विषय का समावेश ऐसी घटना नहीं जो निश्चित रूप से सूत्रकार के ऐक्य का प्रमाण हो सके। ओल्डेनबेर्ग के शब्दों में—"मेरा विश्वास है कि कोई भी पाठक जो इन दोनों प्रकार की रचनाओं की तुलना करता है जिस विषयपरिधि में धर्मसूत्रों की व्याख्या घिरी है वह निश्चित रूप से गृह्यसूत्रों के विषयक्षेत्र की अपेक्षा अधिक विस्तृत है।"

गृह्यसूत्रों में आये हुए मन्त्र

गृह्यसूत्रों में आये हुए मन्त्रों के विषय में ओल्डेनबेर्ग ने अपने अनुवाद की भूमिका में विस्तार से विवेचन किया है। गृह्यसूत्रों में प्रयुक्त कतिपय मन्त्र निःसन्देह प्राचीन हैं और अनेक मन्त्र ऐसे हैं जो ऋग्वेद के दसवें मण्डल में आये हैं। गृह्यसूत्रों के छन्दों की विशेषताओं के आधार पर यह सिद्ध होता है कि "इनमें से यदि सभी नहीं तो अधिकांश मन्त्रों की रचना उन क्रियाओं के विवेचन से पहले हो चुकी थी जिन क्रियाओं के विवेचन के बीच इन मन्त्रों को रखा गया है।

The metre.... clearly proves which is indubitable from other reasons, that most, if not all, of these verses were composed at a perceptibly older period than the descriptions of the Sacred acts in the midst of which they are inserted.

इन मन्त्रों के अतिरिक्त गृह्यसूत्रों में ऐसे अनेक मन्त्रों के भी प्रयोग हैं जो ऋग्वेद के मन्त्रों के बाद के हैं। इनमें कई मन्त्र या श्लोक 'तदप्याहुः' हैं। अथवा 'तदपि श्लोकः' कहकर उद्धृत किये गये हैं। गृह्यसूत्रों में कुछ ऐसी पंक्तियां भी दिखायी पड़ती हैं जो श्लोक-नाम से निर्दिष्ट नहीं हैं, किन्तु छन्दोबद्ध दिखायी पड़ती हैं। उदाहरण के लिए ओल्डेनबेर्ग ने आश्वलायन-

गृह्यसूत्र में राक्षस-विवाह के सन्दर्भ में दी गयी पंक्ति उद्धृत की है—"हत्वा भित्त्वा च शीर्षाणि रुदतीं रुदद्भ्यो हरेत्"। इसी प्रकार गोभिलगृह्यसूत्र १.२.२१ तथा २.४.२ में भी सूत्र लगभग श्लोक से मिलता-जुलता है।

इन श्लोकों के विषय में यही सम्भावना की गयी है कि ये किसी छन्दोबद्ध रचना से उद्धृत न होकर यज्ञगाथाओं से लिये गये हैं। बाद में स्मृतियों की रचना होने पर इनमें से कई श्लोक स्मृतियों में घुलमिल गये।

गृह्यसूत्रों का विषय विस्तार

गृह्यसूत्रों का सर्वाधिक महत्त्व सामाजिक अध्ययन की दृष्टि से है। प्राचीन हिन्दू जीवन की जो स्पष्ट रूपरेखा गृह्यसूत्रों और धर्मसूत्रों में मिलती है वह अन्यत्र नहीं देखी जा सकती। श्रौतसूत्र बड़े यज्ञों तक सीमित हैं और उनका परिवेश सामाजिक दृष्टि से अधिक संकुचित है। धर्मसूत्र व्यक्ति को समाज के सम्बन्धों के बीच लाकर खड़ा कर देता है, किन्तु गृह्यसूत्र उसके व्यक्तिगत जीवन की सभी स्थितियों पर कुछ न कुछ प्रकाश डालता है। "गृह्यसूत्रों में हिन्दू जीवन की जिन घटनाओं का विवेचन है वे सभी मानो एक वृत्त के समान हैं। उनमें आरम्भबिन्दु का चयन करना कठिन है। इस जीवन के दो विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण भाग हैं। एक ओर वेद का अध्ययन करनेवाले ब्रह्मचारी का काल है। इस काल के आरम्भ में उपनयन संस्कार है और अन्त में समावर्तन संस्कार है। दूसरी ओर, विवाहित जीवन का काल है, जिसका गृह्यकर्म के लिए विशेष महत्त्व है और गार्हपत्य अग्नि की क्रियाएँ विवाह के साथ ही आरम्भ होती हैं।"

इस आधार पर अनेक गृह्यसूत्रों का आरम्भ उपनयन से आरम्भ होता है और अनेक का विवेचन विवाह से आरम्भ होता है। हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र में उपनयन से ही आरम्भ किया गया है, जब कि अन्य गृह्यसूत्रों का आरम्भ विवाह से ही होता है।

इस प्रकार गृह्यसूत्रों में एक ओर तो हिन्दू जीवन में गृहस्थ के व्यक्तिगत जीवन के संस्कारों का विवेचन मुख्य रूप से हुआ है किन्तु इनके साथ प्रातः एवं सायंकाल की दैनिक आहुतियों का, प्रतिमास किये जाने वाले बलिकर्मों का, प्रतिदिन की बलियों का भी वर्णन किया गया है। इनके साथ ही वार्षिक कर्मों के विवेचन को भी गृह्यसूत्रों में स्थान मिला। इस प्रकार के कर्म हैं—सर्पबलि, पृथ्वी पर शयन का आरम्भ, नये अन्नों के प्रयोग के समय किये जाने वाले कर्म, अष्टका कर्म तथा पितृकर्म। अग्नि का आधान सभी गृह्यकर्मों में किया जाता है और इस कारण अनेक गृह्यसूत्रों में जिन क्रियाओं को सार्वभौम रूप में सभी संस्कारों में करना होता है उनके विवेचन के अन्तर्गत

अग्नि के आधान का वर्णन गृह्यसूत्र के आरम्भ में ही किया गया है। किन्तु अनेक गृह्यसूत्र बिना किसी विशिष्ट संस्कार का विवेचन करते हुए आरम्भ होते हैं।

वार्षिक कर्मों के अतिरिक्त कुछ ऐसी क्रियाओं का विवेचन भी गृह्यसूत्रों में हुआ है जिनका जीवन के साधनों से तात्पर्य है जैसे घर बनाने के लिए भूमि का चुनाव, घर बनाने की विधि, स्तम्भ रखने की विधि। उपाकरण अर्थात् स्वाध्याय के आरम्भ की क्रिया, उत्सर्ज अर्थात् स्वाध्याय के सत्र समापन की क्रियाओं को भी गृह्यसूत्रों में स्थान मिला। इसी प्रकरण में गृह्यसूत्रों में अनध्याय के दिनों का भी निर्देश किया गया है। ये सभी क्रियाएँ गृहस्थ के दैनिक जीवन से सम्बद्ध हैं।

इन क्रियाओं के अतिरिक्त अन्त्येष्टि और पितृकर्म की क्रियाएँ तीसरे प्रकार के विषय के रूप में गृह्यसूत्रों में विवेचित हुईं। किन्तु इन सभी प्रकार की क्रियाओं के अतिरिक्त घरेलू आभिचारिक क्रियाओं के विवेचन को भी गृह्यसूत्रों में स्थान मिला है। जैसे पुत्र या पत्नी को रोग होने पर किये जाने वाले अभिचार, पत्नी को परपुरुषगामिनी होने से बचाने के लिए अभिचार, भागनेवाले नौकर को स्थायी रूप से रखने के लिए अभिचार। इन क्रियाओं के अतिरिक्त कुछ प्रायश्चित्तकर्मों का भी विवेचन गृह्यसूत्रों में हुआ, जैसे ब्रह्मचर्य भंग होने पर अवकीर्णी का प्रायश्चित्त जिसके लिए ईशानबलि दी जाती है।

अन्ततः गृह्यसूत्रों में मंगल के लिए छोटे-छोटे निमित्त या अवसर पर किये जाने वाले अभिमन्त्रण का भी बीच-बीच में उल्लेख है। यात्रा के समय जाने और लौटते समय के मन्त्र, पुत्र या पुत्री को स्नेह देने के लिए अभिमन्त्रण, न्यायालय में या सभा-समारोह में प्रभाव बढ़ाने के लिए किये गये मन्त्रपाठ।

इस प्रकार गृह्यसूत्रों के इस विषयविस्तार को हम इन वर्गों में रख सकते हैं—

१. जीवन से सम्बद्ध संस्कार।

२. दैनिक जीवन के होमकर्म तथा अन्न की बलि।

३. मासिक पर्वों पर किये जाने वाले कर्म।

४. वार्षिक कर्म।

५. जीवन से सम्बद्ध कर्म जैसे गृहनिर्माण।

६. श्रौतकर्म जैसे श्राद्ध आदि।

७. आभिचारिक कर्म।

८. प्रायश्चित्त के कर्म।

९. अभिमन्त्रण के निर्देश।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र

जैसा कि पहले निर्देश किया जा चुका है, आपस्तम्ब के नाम से ख्यात सूत्रचरण का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है। यह अध्वर्यु नाम के ऋत्विज् के कल्प का प्रमुख अंग है। आपस्तम्बसूत्रचरण उन चरणों में से एक है, जिनके सभी प्रकार के कल्पसूत्र उपलब्ध हैं। आपस्तम्बकल्पसूत्र का २७ वाँ प्रश्न गृह्यसूत्र है। शुक्ल यजुर्वेद से संबद्ध 'चरणव्यूह' के अनुसार आपस्तम्बशाखा खाण्डिकीयशाखा की पाँच शाखाओं में से एक थी और खाण्डिकीयशाखा तैत्तिरीयशाखा की एक उपशाखा थी। कालक्रम की दृष्टि से आपस्तम्बीयशाखा बौधायनशाखा के बाद की है किन्तु यह सत्याषाढ हिरण्यकेशीशाखा से पहले की है। प्रो० माक्सम्यूल्लेर के अनुसार आपस्तम्बशाखा एक सूत्रचरण है।

किन्तु आपस्तम्बगृह्यसूत्र पर विचार करने से पहले यह प्रश्न उठता है कि क्या आपस्तम्ब के नाम से उपलब्ध श्रौत, गृह्य तथा धर्मसूत्रों का रचयिता एक ही व्यक्ति है। इस विषय पर ब्यूह्लर और ओल्डेनबेर्ग ने दो भिन्न मतों का प्रतिपादन किया है। ब्यूह्लर के तर्कों के अनुसार आपस्तम्ब गृह्यसूत्र तथा आपस्तम्बधर्मसूत्र में इतना अधिक घनिष्ठ संबंध है कि दोनों का रचयिता एक ही व्यक्ति को मानना उचित प्रतीत होता है। ध्यान देने योग्य है कि आपस्तम्बगृह्यसूत्र विस्तार की दृष्टि से अन्य गृह्यसूत्रों से छोटा और संक्षिप्त है। इसमें ऐसे अनेक विषयों को छोड़ दिया गया है जो सामान्यतः गृह्यसूत्र में होते हैं, उदाहरण के लिए विवाह के विभिन्न भेद, ब्रह्मचारी के कर्त्तव्य आदि। इन विषयों का विवेचन आपस्तम्बधर्मसूत्र में हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि रचयिता आपस्तम्ब ने पहले धर्मसूत्र की रचना की और उसमें गृह्यसूत्र से संबद्ध कई विषयों का विवेचन किया और फिर पुनरुक्ति के भय से उन विषयों का विवेचन गृह्यसूत्र में करना उचित नहीं समझा। इससे यह संकेत मिलता है कि दोनों के रचयिता एक ही थे। किन्तु आपस्तम्बधर्मसूत्र में गृह्यसूत्र के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि धर्मसूत्र से पहले गृह्यसूत्र विद्यमान था। और दूसरी ओर आपस्तम्बगृह्यसूत्र में धर्मसूत्र के नियमों का निर्देश है। इन दोनों की रचना के विषय में यही समाधान प्रतीत होता है कि दोनों की रचना एक ही समय में एक ही व्यक्ति ने की है।

किन्तु इसके विपरीत ओल्डेनबेर्ग ने यह प्रमाणित करने का प्रयत्न किया

है कि एक ही आचार्य से ख्यात रचनाएँ भिन्न-भिन्न आचार्यों की रचना हो सकती हैं। वे परम्परा पर विश्वास नहीं करते हैं। उनके शब्दों में—

"We shall not be able to trust so implicity to tradition where it puts down the same author for the Gṛhyasūtras as for the Corresponding S'rauta-sūtra, the possibility that such data are false is so large that we have to treat them as doubtful so long as we have not discovered certain proofs of their Correctness."

श्रौत तथा गृह्यसूत्रों के रचयिता एक नहीं हैं इसके पक्ष में इतने अधिक प्रमाण हैं कि उनपर अविश्वास नहीं किया जा सकता। आपस्तम्ब के श्रौत तथा गृह्य में भाषा और शैली की असंगतियाँ हैं। ये असंगतियाँ आकस्मिक या लेखक की असावधानी के कारण नहीं मानी जा सकतीं। अतएव आपस्तम्ब-गृह्य और श्रौतसूत्र का रचयिता एक ही व्यक्ति है यह प्रामाणिक रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

आपस्तम्बधर्म और गृह्यसूत्र के रचयिता के विषय में भी ओल्डेनबेर्ग ने ब्यूह्लेर के मत की आलोचना की है। वे यह स्वीकार नहीं करते की दोनों की रचना एक व्यक्ति ने पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार की है और जो दोनों में असंगतियाँ हैं वे आकस्मिक हैं। वे इस तीसरी सम्भावना को ही अधिक उपयुक्त मानते हैं कि दोनों के रचयिता भिन्न-भिन्न हैं।

"But there remains a third possible explanation, that the two texts are by different authors, one of whom knows and imitates the style of the other." भूमिका, पृ० ३२, टि० २ इस प्रकार ओल्डेनबेर्ग भी यह निश्चय नहीं कर पाते कि गृह्यसूत्र और आपस्तम्ब में कौन पहले रचित है। वे केवल यही प्रस्तावना करते हैं कि इनमें से कोई एक दूसरे की नकल पर रचा गया है। जहाँतक आपस्तम्बधर्मसूत्र में आपस्तम्बगृह्य के कतिपय विषयों के विवेचन का प्रश्न है, ओल्डेनबेर्ग इसे स्वाभाविक मानते हैं, क्योंकि धर्मसूत्र का विषयक्षेत्र विस्तृत है उसमें गृह्य-सूत्र के विषय का विवेचन होना आश्चर्यजनक नहीं।

ओल्डेनबेर्ग का मत भी निर्णायक नहीं है। वे एक शंका या सम्भावना ही उत्थापित करते हैं। जबतक दोनों रचनाओं के विषय में भिन्न लेखक या भिन्न काल का निर्धारण नहीं होता, तबतक यह मानना अनुचित नहीं होगा

कि आपस्तम्बगृह्यसूत्र तथा आपस्तम्बधर्मसूत्र के रचयिता एक ही आचार्य हैं और दोनों एक ही काल की रचनाएँ हैं।

आपस्तम्बकल्पसूत्र का सम्बन्ध दक्षिण भारत से है। इस शाखा का संस्थापक सम्भवतः आन्ध्रदेशीय था। 'चरणव्यूह' में 'महार्णव' नाम की रचना से उद्धृत पद्यों के अनुसार आपस्तम्बशाखा नर्मदा के दक्षिण में प्रचलित थी—

"नर्मदादक्षिणे भागे आपस्तम्ब्याश्वलायनी।
राणायनी पिप्पला च यज्ञकन्याविभागिनः॥
माध्यन्दिनी शाङ्खायनी कौथुमी शौनकी तथा।"

'महार्णव' में आपस्तम्बीय शाखा को स्पष्टतः आन्ध्रदेशीय बताया गया है—

आन्ध्रादिदक्षिणाग्नेयीगोदासागर आवधि।
यजुर्वेदस्तु तैत्तिर्या आपस्तम्बी प्रतिष्ठिता॥

आपस्तम्ब के धर्मसूत्र में श्राद्ध के प्रकरण में ब्राह्मणों के हाथ में जल गिराने की प्रथा 'उत्तर के लोगों में प्रचलित है' (उदीच्याः) कहा गया है। ऐसा कहकर आपस्तम्ब ने अपने दक्षिण भारतीय होने का संकेत कर दिया है। आपस्तम्ब के धर्मसूत्र में तैत्तिरीय आरण्यक से कुछ मन्त्र उद्धृत किये गये हैं। ये मन्त्र आन्ध्रपाठ से ही हैं। इस आधार पर ब्यूह्लेर आपस्तम्ब को निश्चित रूप से आन्ध्रदेशीय मानते हैं—

"It would therefore follow, from the adoption of an Āndhra text by Āpastamba, that he was born in that country, or at least had resided there so long as to have become naturalised in it."

इस प्रकार ब्यूह्लेर ने यह निष्कर्ष निकाला कि आपस्तम्ब का जन्म आन्ध्रप्रदेश में हुआ था, अथवा उन्होंने वहाँ इतने दीर्घकाल तक निवास किया था कि वे वहीं के हो गये थे।

आपस्तम्ब का गृह्य और धर्मसूत्र लगभग एक ही समय की रचनाएँ हैं। आपस्तम्बधर्मसूत्र में जिन प्राचीन ग्रन्थों के उल्लेख या सन्दर्भ मिलते हैं उनसे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आपस्तम्ब का धर्मसूत्र तथा गृह्यसूत्र पुराणों और महाभारत के बाद की रचनाएँ हैं। इसी प्रकार इन ग्रन्थों को मीमांसा और वेदान्त दर्शन के उद्भव के बाद का भी सिद्ध किया है। (द्रष्टव्य, आपस्तम्बधर्मसूत्र की प्रस्तुत लेखक द्वारा भूमिका पृ० ३३)। कई समानताओं के आधार पर महामहोपाध्याय काणे ने यह मत प्रस्तुत किया है कि

आपस्तम्ब जैमिनि के मीमांसासूत्र से परिचित थे। सम्भव है कि वे जिस मीमांसासूत्र से परिचित थे वह उस समय तक वर्तमान रूप न प्राप्त कर सका हो।

"The correspondence in language with the Pūrvamīmāṁsā–sūtra is so close that one is tempted to advance the view that Āpastamba knew the extant Mīmāṁsā Sūtra or an earlier version of it that contained almost the same expressions."

हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, पृ० ४२

आपस्तम्ब का धर्मसूत्र गौतम और बौधायन के धर्मसूत्र के बाद का है। उसमें सभी वेदों और वेदाङ्गों का उल्लेख है। उसमें श्वेतकेतु का उल्लेख है, अतः वह श्वेतकेतु के बाद की रचना है, किन्तु बहुत बाद की रचना नहीं है। उसमें बौद्धधर्म का कोई उल्लेख न होने के कारण उसे उस समय की रचना मानते हैं जब दक्षिण भारत में बौद्धधर्म का प्रचार नहीं था। आपस्तम्ब का धर्मसूत्र उस समय की रचना है जब जैमिनि ने अपने दार्शनिक सम्प्रदाय की स्थापना की थी। आपस्तम्बधर्मसूत्र (दूसरी शताब्दी ई० पू०) से पहले की रचना है। भाषाशास्त्र की दृष्टि से तथा श्वेतकेतु के सम्बन्ध में उल्लेख पर ध्यान देते हुए ब्यूह्लेर ने यह विचार प्रकट किया है कि आपस्तम्ब के धर्मसूत्र को तृतीय शताब्दी ई० पू० के बाद का नहीं मानना चाहिए। किसी भी स्थिति में इसके रचनाकाल की निचली सीमा १५०–२०० वर्ष और पहले रखनी चाहिए।

"On linguistic grounds it seems to me Āpastamba cannot be placed later than the third century B. C. and if his statement regarding Śvetaketu is taken into account, the lower limit for the composition of his Sūtras must be put further back by 150–200 years."

प्रायः इन्हीं विषयों और तथ्यों पर ध्यान देते हुए महामहोपाध्याय पी० वी० काणे ने आपस्तम्बधर्मसूत्र के लिए ६००–३०० ई० पू० के बीच का समय मानना उचित ठहराया है।

"We shall not be far wrong if we assign it to some period between 600-300. B. C."

हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र १. पृ० ४५

आपस्तम्बगृह्यसूत्र धर्मसूत्र के समय की ही रचना है, इसके विरोध में

जबतक प्रमाणों का अभाव है तबतक आपस्तम्बगृह्यसूत्र का समय ६००–३०० ई० पू० मानना असंगत नहीं है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र की समीक्षा

आपस्तम्बगृह्यसूत्र आपस्तम्ब के कल्पसूत्र के ३० प्रश्नों के अन्तर्गत २७ वाँ प्रश्न है। इस गृह्यसूत्र का निकटतम सम्बन्ध हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र से है। दोनों ही गृह्यसूत्र तैत्तिरीय शाखा के हैं और कृष्णयजुर्वेद से संबद्ध हैं। आपस्तम्बगृह्यसूत्र में मन्त्रों को उद्‌धृत नहीं किया गया है अपितु उनका एक अलग संग्रह उपलब्ध होता है। हिरण्यकेशीगृह्यसूत्र में क्रियाओं के विवेचन के साथ-साथ मन्त्रों को भी उद्‌धृत किया गया है। यही शैली आश्वलायन, शांखायन और पारस्कर गृह्यसूत्र में भी अपनायी गयी है। आपस्तम्बगृह्यसूत्र को शैली गोभिलगृह्यसूत्र में भी मिलती है और उसमें भी मन्त्रों को गृह्यकर्मों के विवेचन के साथ नहीं दिया गया है। ओल्डेनबेर्ग के अनुसार इस स्थिति में सूत्र मन्त्रों के पूर्व अस्तित्व का संकेत देते हैं और मन्त्रपाठ सूत्रों की पूर्व स्थिति सूचित करते हैं।

"The Sūtras presuppose the existence of the Mantrapāṭha, just as the latter text seems to presuppose the Sūtras."

आपस्तम्बगृह्यसूत्र का प्रथम संस्करण जर्मन विद्वान् विण्टरनित्स ने १८८७ में वियना से प्रकाशित कराया। जर्मनी के ही डॉ० ओल्डेनबेर्ग ने 'सेक्रेड बुक्स आव दी ईस्ट' ग्रन्थमाला के अन्तर्गत अन्य गृह्यसूत्रों के साथ इसका भी अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित कराया (खण्ड ३०)। हरदत्त की अनाकुला वृत्ति और सुदर्शनाचार्य की तात्पर्यदर्शन टीका के साथ १९२८ ई० में आपस्तम्बगृह्यसूत्र का संस्करण चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, बनारस से प्रकाशित हुआ। प्रस्तुत संस्करण उपर्युक्त संस्करण का हिन्दी व्याख्या से संवलित रूप है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र ८ पटलों में विभक्त है। इन पटलों के अन्तर्गत कुल २३ खण्ड हैं। प्रथम पटल—में तीन खण्डों का समावेश है। यह "अथ कर्माण्याचाराद्यानि गृह्यन्ते" से आरम्भ होता है अर्थात् प्रयोग से प्राप्त कर्मों के विवेचन की प्रतिज्ञा की गयी है। आचार से प्राप्त कर्मों को सूर्य के उत्तरायण में होने पर अथवा मास के पूर्व पक्ष में शुभ दिन को करना चाहिए। ये सभी कर्म यज्ञोपवीत धारण करने वाले द्वारा किये जाते हैं। इन कर्मों का आरम्भ पूर्व या उत्तर दिशा की ओर होता है। पितरों के लिए किये जानेवाले कर्म मास के उत्तर पक्ष में किये जाते हैं और प्राचीनावीती होकर किये जाते हैं।

गृह्यसूत्र में कतिपय नैमित्तिक कर्म भी किये जाते हैं। इन नैमित्तिक कर्मों के विषय में यह सामान्य निर्देश दिया गया है कि इन कर्मों को निमित्त होने पर ही करना चाहिए।

कतिपय क्रियाएँ सभी गृह्यकर्मों में सामान्य होती हैं। उनका विवेचन गृह्यसूत्र के आरम्भ में ही किया गया है। जैसे अग्नि का आधान और कुश का परिस्तरण। कुश को बिछाते समय पितृकर्म के प्रसङ्ग में कुशों का अग्रभाग दक्षिण की ओर रहना चाहिए, अन्य कर्मों में पूर्व की ओर। परिस्तरण के अतिरिक्त पात्रों का आधान भी सामान्य कर्म है। अग्नि के उत्तर ओर कुशों पर देवता के लिए जोड़े पात्र उल्टा करके रखे जाते हैं। मनुष्यों के लिए अभिप्रेत कर्म होने पर विवाह आदि में एक-एक करके पात्र रखे जाते हैं, दोनों हाथों से नहीं। पितृकर्म में भी एक-एक पात्र रखा जाता है।

कुश को तिनके या काष्ठ से काटकर उससे दो पवित्रा बनाये जाते हैं जो दर्शपूर्णमास यज्ञों के ही अनुसार होते हैं। इन पवित्राओं को बनाते समय मन्त्र नहीं पढ़ा जाता है। अब उल्टे हुए पात्रों को सीधा कर दिया जाता है और हाथ में पवित्रा धारण कर उनका तीन बार प्रोक्षण किया जाता है। पात्रप्रोक्षण के बाद अग्नि के पश्चिम में पवित्राओं से जल को तीन बार पवित्र कर उसे मुख और नासिका तक ऊँचा उठाकर अग्नि के उत्तर की ओर कुशों पर रखकर कुश से ढँक दिया जाता है। यह प्रणीता जल कहलाता है।

अग्नि के दक्षिण की ओर कुश पर कोई ब्राह्मण आसीन होता है। इसके बाद आज्यसंस्कार किया जाता है। अग्नि से अङ्गारों को निकालकर उसपर आज्य पिघलाया जाता है। आज्य में दो कुशों का अग्रभाग काटकर डाल दिया जाता है और उस आज्य के चारों ओर उल्का घुमाते हैं। अङ्गारों को अग्नि में मिलाते हैं और पवित्रों को अग्नि में फेंक दिया जाता है।

(प्रथमखण्ड)।

जिस पात्र, दर्वी या हाथ से हवन करना होता है उसे पहले अग्नि दिखाया जाता है। अग्नि के चारों ओर परिधि रखी जाती है। परिधि के रूप में अधिकांश गृह्यकर्मों में कीली (शमी) का प्रयोग होता है। इसके बाद परिषेचन का कर्म होता है। अग्नि के चारो ओर जल छिड़का जाता है। पितृकर्म में परिषेचन बिना मन्त्र के होता है। अग्नि पर समिधा रखकर आघार होम तैयार किया जाता है और उसका बिना मन्त्र के ही होम किया जाता है। इसके बाद आज्यभाग नाम के दो होम किये जाते हैं। इन आहुतियों के अतिरिक्त कर्म के अनुसार अन्य आहुतियाँ भी होती हैं। जैसे

जया आहुति तेरह होती हैं और तैत्तिरीयसंहिता, तृतीय अध्याय, "चित्तञ्च चित्तिश्च" मन्त्र से आरम्भ होती हैं। 'अभ्यातान' नाम की अठारह आहुतियाँ होती हैं जो "अग्निर्भूतानाम्" से आरम्भ होती हैं। प्रजापति के लिए 'राष्ट्रभृत्' नाम की बाईस आहुतियाँ होती हैं, जो तैत्तिरीय संहिता ३.४.७ के "ऋताषाट्" से आरम्भ होती हैं। व्याहृतियों के लिए भी आहुतियाँ होती हैं "भूः स्वाहा', 'भुवः स्वाहा' आदि। अग्नि स्विष्टकृत् के लिए भी आहुतियाँ होती हैं, जो "यदस्य कर्मणः" ऋचा से आरम्भ होती हैं।

गृह्यसूत्र का प्रमुख विवेच्य पाकयज्ञ है। लौकिक जीवन से संबद्ध कर्मों को पाकयज्ञ कहा गया है—"लौकिकानां पाकयज्ञशब्दः" लोक का अर्थ शिष्ट है। पाकयज्ञ से विवाह आदि कर्मों का निर्देश किया गया है। पाक का अर्थ 'अल्प' भी है। यदि 'पाक' का अर्थ 'पाक' पकायी गयी वस्तु की हवि से लिया जाय तो आज्यहोम को पाकयज्ञ में स्थान नहीं मिलेगा अतः पाक का अर्थ 'अल्प' ही होना चाहिए। ऐसा अनाकुलावृत्तिकार हरदत्त मिश्र का कथन है—

"पाकशब्दोऽल्पवचनः, यथा क्षिप्रं यजेत पाको देव (आप० गृ० २०.१५) इति। पाकगुणको यज्ञः पाकयज्ञ इति निर्वचने आज्यहोमेषु संज्ञा न स्यात्।" (द्रष्टव्य, पृ० ३७)।

इन सामान्य याज्ञिक क्रियाओं अग्न्याधान, परिस्तरण, पात्रप्रयोग, पवित्रसंस्कार, पात्रप्रोक्षण, प्रणीता, आज्यसंस्कार, प्रतितपन, परिधि, परिषेचन, आघार होम, आज्यभाग होम प्रधान आहुतियों का विवेचन करने के बाद आपस्तम्बगृह्यसूत्रों में संस्कारों का विवेचन आरम्भ किया गया है (पृ० ४०)।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र के अनुसार विवाह के लिए शिशिर के दो मास (माघ और फाल्गुन) तथा ग्रीष्म ऋतु का अन्तिम मास (आषाढ़) छोड़कर सभी ऋतुएँ उपयुक्त होती हैं। ज्योतिष के अनुसार शुभ नक्षत्र और शुभ मुहूर्त में ही मांगलिक वाद्य, गीत, सजावट के साथ विवाह संस्कार होना विहित है। विवाह में कई क्रियाएँ बिना मन्त्र के लोक में प्रचलित प्रथाओं के अनुसार भी होती हैं। इन क्रियाओं के लिए कुल की वृद्धाएँ ही प्रामाणिक होती हैं। ऐसी क्रियाओं को 'आवृत्' कहते हैं। मृगशिरस् नक्षत्र विवाह के लिए अच्छा माना जाता है। (द्वितीय खण्ड)।

मघा नक्षत्र में कन्या का पिता वर पक्ष से दो गायें प्राप्त करता है। वधू को पतिगृह जाने के लिए फल्गुनी नक्षत्र उत्तम माना गया है (पृ० ४४)।

और घनिष्ठा नक्षत्र में कन्या का विवाह करने पर कन्या पति के यहाँ जीवनभर सुखी रहती है, ऐसा विश्वास किया जाता है। आपस्तम्बगृह्यसूत्र के काल में विवाह के समय वरपूजन के लिए एक गौ के वध का भी संकेत है ("विवाहे गौः। गृहेषु गौः। पृ० ४६)। प्रथम गौ द्वारा वर के लिए मधुपर्क का विधान है और दूसरी गौ के आलभन द्वारा वर के पिता या आचार्य के लिए आलभन का विधान है। गौ का आलभन केवल तीन अवसरों पर ही होता था—अतिथि के आगमन, पितरों के लिए किये जानेवाले अष्टका कर्म तथा विवाह। "एतावद् गोरालम्भनस्थानमतिथिः पितरो विवाहश्च" (आप० गृ० १,३,१०, पृ० ४८)।

आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में भी कन्या के दुर्गुणों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इनमें कुछ तो शारीरिक दोष से संबद्ध हैं जैसे पीले नेत्र, बैल की तरह शरीर, नीले रोम, कुबड़ापन, गंजा सिर, मेढ़क के रंग की त्वचा, अधिक स्थूल जाँघें। कुछ दोषों का संबन्ध चरित्र के लिए सन्देह उत्पन्न करने वाली स्थितियों से है, जैसे खेलकूद में अधिक रुचि, खेत की रखवाली करना, गाय बछड़े चराना, अनेक सखियों और मित्रों का होना, संरक्षिता होना। इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे दोष हैं, जिनमें सामाजिक नैतिक नियम का विचार है, जैसे कन्या का किसी दूसरे के लिए वाग्दत्ता होना, धार्मिक दृष्टि से सांकारिका (दूसरे कुल में उत्पन्न, या जिसके गर्भस्थ होने पर माता ने अपने पति का अस्थिसंचयन किया हो) निषिद्ध है। कन्या की छोटी बहन अधिक सुन्दर हो तो वह कन्या वर्जित मानी गयी है। संभवतः इसलिए कि उस कन्या को छोटी बहन की ओर आकर्षण की स्थिति आ सकती है। जिस वर्ष में वर का जन्म हुआ हो, उसी वर्ष में उत्पन्न कन्या से विवाह का निषेध किया गया है।

("दत्तां गुप्तां द्योतामृषभां शरभां विनतां विकटां मुण्डां मण्डूषिकां साङ्कारिकां रातां पालीं मित्रां स्वनुजां वर्षकारीं च वर्जयेत्।")

इन बातों के अतिरिक्त एक विचित्र बात और देखने में आती है कि जिन जिन कन्याओं के नाम नक्षत्र, नदी या वृक्ष के नाम के आधार पर हों वे गर्हित होती हैं। जिन कन्याओं के नामों की उपधा में र् या ल् वर्ण हो उनके वरण का भी निषेध किया गया है।

विवाह के समय कुछ शकुन अपशकुन का विचार भी होता था, इसका निर्देश आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में मिलता है। आज की दृष्टि से इसे अन्धविश्वास मात्र कहा जा सकता है। कन्या वरण के समय एक साथ मिले हुए व्रीहि, यव आदि अनेक प्रकार के बीज, वेदी से ली गयी मिट्टी, खेत से ली गयी मिट्टी का ढेला, गाय का गोबर तथा श्मशान से लिया गया मिट्टी

का ढेला कन्या से छिपाकर रखा जाता है। इनमें उसे किसी एक का वरण करना होता है। इनमें अन्तिम पदार्थ अर्थात् श्मशान की मिट्टी का स्पर्श गर्वित होता है। बीजों के स्पर्श से सन्तान की उत्पत्ति का फल सूचित होता है, वेदी की मिट्टी पर हाथ रखने पर यज्ञों द्वारा फल की समृद्धि की सूचना मिलती है। यदि कन्या खेत की मिट्टी के ढेले पर हाथ रखे तो धन-धान्य की वृद्धि होती है। गोबर पर हाथ रखने पर पशुओं की वृद्धि होती है और श्मशान की मिट्टी मृत्यु का सूचक होती है।

कन्या के इन दोषों का निषेध कर आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में स्पष्टतः निर्देश दिया गया है कि उत्तम कुल वाली, उत्तम आचरण वाली, स्त्रियोचित गुणों से युक्त और स्वस्थ कन्या से विवाह करना चाहिए। "बन्धुशीललक्षणसम्पन्नाम-रोगामुपयच्छेत।" और वर के लिए भी उत्तम कुल, उत्तम आचरण, उच्च अध्ययन और स्वास्थ्य गुण हैं। किन्तु इन सभी वर्जन के नियमों के होते हुए भी वर की पसन्द को सर्वोपरि कहा गया है। इस प्रकार प्रेम के कारण भी विवाह विहित है। आपस्तम्ब ने स्पष्ट कहा है कि जिस कन्या से मन और नेत्रों को तृप्ति होती है, उससे निश्चय ही सुख की प्राप्ति होती है। अतएव वर को अन्य बातों की ओर ध्यान न देकर उसी से विवाह करना चाहिए—

"यस्यां मनश्चक्षुषोर्निबन्धस्तस्यामृद्धिर्नेतरदाद्रियेतेत्येके ॥"

१,३,२१

यह कुछ आचार्यों का ही मत है। (तृतीय खण्ड)।

कन्या का वरण करने के लिए वर के बन्धु-बान्धव जाते हैं। ये वरण करने वाले वेदाध्ययन से सम्पन्न होते हैं। किन्तु वरण की प्रथा ब्राह्म विवाह और दैव विवाह में नहीं होती। वर कन्या को स्व ' देखता है।

कन्यावरण के बाद विवाह के समय ही वर-वधू के नेत्रों पर दृष्टिपात करता है और कुश से भौंहों के बीच मार्जन कर कुश को पश्चिम की ओर फेंक देता है। ये क्रियाएँ मन्त्र पढ़ते हुए की जाती हैं। इसके बाद वधू को स्नान कराया जाता है। अयुग्म घड़ों से अयुग्म बार स्नान कराया जाता है। और स्नान कराते समय पाँच मन्त्रों का पाठ होता है। स्नान के समय कन्या के सिर पर कुश का मण्डल रखा होता है। कन्या के स्नान के बाद वर-वधू के दाहिने हाथ को पकड़कर अग्नि के समीप लाकर बैठाता है। वे दोनों अग्नि के पश्चिम इस प्रकार बैठते हैं कि वर उत्तर की ओर और कन्या दक्षिण की ओर बैठती है। उस समय जो अग्नि प्रज्वलित की जाती है उसे या तो श्रोत्रिय के घर से लाते हैं अथवा मन्थन करके उत्पन्न करते हैं। तदुपरान्त

अग्नि के आधान से लेकर आज्य भाग की आहुति तक के सामान्य कर्म किये जाते हैं।

इसके बाद विवाह का पाणिग्रहण कर्म होता है। वर अपने दाहिने हाथ से वधू के दाहिने हाथ को पकड़ता है। पाणिग्रहण की विधि में भी आपस्तम्ब ने पुत्र या पुत्री के उत्पत्ति की कामना के आधार पर भेद बताया है। पुत्री की कामना से वधू की अंगुलियों को और पुत्र की कामना से अँगूठे को ग्रहण करने का विधान है।

इसके अनन्तर सप्तपदी का विधान है। वर-वधू को अग्नि के पूर्व या उत्तर की ओर सात पद चलाता है। यह क्रिया मन्त्रों के पाठ के साथ होती है। (चतुर्थ खण्ड)।

अग्नि की प्रदक्षिणा कर वर और वधू पहले के समान ही अग्नि के पश्चिम में बैठते हैं। तब अश्मारोहण का कर्म होता है। अग्नि के उत्तर में एक प्रस्तर खण्ड के ऊपर कन्या के पैर को 'आतिष्ठ' आदि मन्त्र को पढ़ते हुए अग्नि के उत्तर में एक प्रस्तर खण्ड के ऊपर रखवावे। वधू की अञ्जलि में आज्य फैलाने के बाद उसमें लाजा डाला जाता है। यह कार्य कन्या का सहोदर भाई करता है। वर लाजा का होम करता है और यह होम कन्या की ओर से किया जाता है। पुनः पहले के समान ही वधू के पैर को प्रस्तर खण्ड के ऊपर रखवावे। तब होम और अग्नि की परिक्रमा करते हैं और जया आदि आहुति दी जाती है। योक्त्र को खोलकर रथ या पालकी पर चढ़ाकर वधू को वर अपने घर ले जाता है। वैवाहिक अग्नि को भी उखा में रखकर लाया जाता है। यह अग्नि निरन्तर प्रज्वलित रखी जाती है। मार्ग में वर यथोचित निमित्त के अनुसार मन्त्रों का पाठ भी करता जाता है। वर वधू को मन्त्र पढ़ते हुए अपना घर दिखाता है और घर के कोने-कोने से परिचित कराता है। वर पहले स्वयं घर में प्रवेश करता है, फिर निवास के घर में लाल बैल का चमड़ा बिछाता है, तदुपरान्त वधू का दाहिना पैर पहले घर में रखते हुए प्रवेश कराता है। भोजन करने के बाद चर्म के पूर्व में विवाहाग्नि स्थापित की जाती है। वर अग्नि के उपसमाधान से लेकर आज्य भाग की आहुति तक के कर्म करता है और वधू उसका स्पर्श किये रहती है। फिर वे चर्म पर बैठते हैं। वर उत्तर दिशा की ओर बैठता है। वधू की गोदी में वर किसी ऐसी स्त्री के पुत्र को बैठाता है, जिसके केवल पुत्र उत्पन्न हुए हों और सभी पुत्र जीवित हों। तदुपरान्त नक्षत्रों के उदय तक वे दोनों मौन रहते हैं। नक्षत्रों के निकलने पर वर वधू को घर से पूर्व

या उत्तर दिशा की ओर ले जाकर ध्रुव तथा अरुन्धती नक्षत्र को दिखाता है। (षष्ठ खण्ड)।

तृतीय पटल—पत्नी के साथ अग्नि देवता के लिए स्थालीपाक के यज्ञ का विधान है। पत्नी होम तथा ब्राह्मण भोजन के लिए पर्याप्त धान या जौ कूटकर स्थालीपाक तैयार करती है। इस यज्ञ में वर ही ऋत्विज् होता है। स्थालीपाक का आज्य से परिषेचन कर उसे अग्नि के पूर्व या उत्तर दिशा की ओर रखते हैं। तदुपरान्त अग्नि के उपसमाधन से लेकर आज्यभाग की आहुतियाँ देकर वर स्थालीपाक से हवन करता है और पत्नी उसे पकड़े रहती है। ये होम अग्नि के मध्य में और उत्तर में किये जाते हैं। स्थालीपाक और आज्य में एक कुश डालकर उस कुश को अग्नि में डालना चाहिए। यहाँ भी जयादि आहुतियाँ की जाती हैं। अवशिष्ट स्थालीपाक को किसी ब्राह्मण को खाने के लिए दिया जाता है। आचार्य को दक्षिणा के रूप में एक बैल का दान करने का विधान भी है। स्थालीपाक का जो विधान विवाह के बाद के समय के लिए बताया गया है, वही विधान पर्वों पर भी अर्थात् पौर्णमासी, अमावस्या को भी किये जाते हैं। प्रथम स्थालीपाक के दिन से ही पति प्रतिदिन प्रातःकाल और सायंकाल अग्नि में दो बार अन्न की आहुति करे।

"सायं प्रातरत ऊर्ध्वं हस्तेनैते आहुती तण्डुलैर्यवैर्वा जुहुयात्" । ३.१.१६ (पृ० १०६)।

स्थालीपाक के बाद वरवधू तीन रात्रियों तक ब्रह्मचर्य रखते हैं। वे भूमि पर सोते हैं और नमक मिर्च के भोजन से परहेज करते हैं। उन दोनों के सोते समय बीच में दूधदार वृक्ष का डण्डा, सुगन्धित करके, वस्त्र में लपेटकर रखा जाता है। चौथी रात के तीसरे प्रहर में मन्त्र पढ़कर इस डण्डे को उठाता है और उसे धोकर अलग रख देता है फिर पत्नी के साथ अग्नि के उपसमाधान से लेकर आज्य भाग की आहुति तक के कर्म करता है। जया आहुति, परिषेचन कर्म के बाद पत्नी को अग्नि के पश्चिम बैठावे। उसके सिर पर तीन व्याहृतियों का उच्चारण करते हुए चौथी बार ओम् कहते हुए आज्य लेकर छिड़के। अवशिष्ट आज्य में से वर अपने और पत्नी के हृदय पर लगाता है। उनके संभोग के समय पति 'आरोहोरुम्' आदि मन्त्र का जप करता है अथवा अन्य ब्राह्मण उनके संभोग में प्रवृत्त होने के पूर्व इस अनुवाक का जप करता है। इसके पूर्व वधू के वस्त्रों को बदलने का भी नियम है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में भी सन्तानोत्पत्ति के लिए ऋतुकाल की रात्रियों का विधान है। इसके साथ ही वर के मन को वधू की ओर आकृष्ट करने के लिए भी स्थालीपाक का विधान किया गया है (पृ० १४६)

चतुर्थ पटल—उपनयन संस्कार के वर्णन से आरम्भ होता है। बालक का उपनीत होना वेदाध्ययन के लिए तथा स्मार्त कर्म के लिए अनिवार्य है।

"येन आचार्यकुलम् उपनीयते कुमारः तदुपनयनं नाम कर्म।"
"कुमारस्य आचार्यसमीपमनयनमस्मिन् कर्माणि।"

उपनयन की क्रियाओं में बालक के वर्ण का ध्यान रखा गया है। ब्राह्मण बालक का उपनयन गर्भ से आठवें वर्ष में, क्षत्रिय बालक का उपनयन ग्यारहवें वर्ष में तथा वैश्य बालक का उपनयन बारहवें वर्ष में करने का विधान है। इसी प्रकार वर्ण के अनुसार इनके उपनयन की ऋतुएँ भी भिन्न हैं। ब्राह्मण के लिए वसन्त, क्षत्रिय के लिए ग्रीष्म और वैश्य के लिए शरद् ऋतु।

उपनयन की प्रथम क्रिया ब्राह्मण भोजन है। ब्राह्मणों और बालक को भोजन कराने के बाद मन्त्र पाठ करते हुए बालक के सिर को भिगोते हैं। केशों के बीच चारों दिशाओं में तीन-तीन कुश रखकर चार मन्त्रों से चारों ओर से केशवपन किया जाता है। केशवपन के समय एक ब्रह्मचारी या बालक की माता दक्षिण की ओर बैठकर मन्त्रपाठ करते हैं। बालक की माता या कोई ब्रह्मचारी बैल के गोबर के ऊपर जौ डालकर उस पर कटे केशों को रखकर उसे उदुम्बर वृक्ष की जड़ पर रख आवे।

इसके बाद बालक को स्नान कराया जाता है। बालक के स्नान के बाद अग्नि का उपसमाधान होता है और आज्यभाग की आहुति तक की सामान्य क्रियाएँ की जाती हैं। कुमार अग्नि पर एक समिध् रखता है और अग्नि के उत्तर में रखे प्रस्तर पर पैर रखता है।

वस्त्र का अभिमन्त्रण कर उसे बालक को पहनने के लिए दिया जाता है। बायें से दाहिने की ओर तीन बार ले जाते हुए मूंज की मेखला पहनायी जाती है और मन्त्र के साथ चर्म धारण कराया जाता है। अग्नि के उत्तर में आचार्य कुश बिछाकर उस पर बालक को बैठाता है और मन्त्रों का पाठ करते हुए उसे देवों को संरक्षण के लिए अर्पित करता है। (खण्ड १०)

आचार्य बालक को यथोचित मन्त्र प्रदान करता है। इसके बाद आज्यभाग और जया नाम की आहुतियाँ दी जाती हैं। बालक आचार्य के चरण का उपसंग्रहण करता है और मन्त्रदान की प्रार्थना करता है। सावित्री मन्त्र ग्रहण करने के बाद मन्त्र के साथ बालक ओठ का स्पर्श करता है। पुनः मन्त्र से कानों को स्पर्श करता है और मन्त्र का पाठ करते हुए दण्ड धारण करता है। दण्ड की लकड़ी के विषय में भी वर्ण का विचार किया गया है, जैसे ब्राह्मण के लिए पलाश का, क्षत्रिय के लिए न्यग्रोध का और वैश्य के लिए वदर या उदुम्बर का दण्ड होना चाहिए। इसके बाद बालक आचार्य को

दक्षिणा देता है। और सूर्य की स्तुति करता है। आचार्य बालक के दाहिने हाथ को पकड़ कर मन्त्र पढ़ता है और अग्नि पर मन्त्र पढ़ते हुए बारह समिधाएँ रखता है। तदुपरान्त आचार्य बालक को ब्रह्मचर्य के नियमों का उपदेश देता है। (खण्ड ११)

आपस्तम्बगृह्यसूत्र की कुछ पाण्डुलिपियों में उपाकरण और उत्सर्जन नाम के कर्मों का विवेचन भी है। उपाकर्म श्रावण मास के पूर्वपक्ष में ओषधियों के उत्पन्न होने पर अथवा हस्तनक्षत्र से युक्त पौर्णमासी को किया जाना चाहिए। इस कर्म के लिए अग्नि पर समिधा रखने से लेकर आज्यभाग की आहुति तक के कर्म किये जाते हैं। तैत्तिरीय संहिता के अनुवाक का पाठ होता है और तीन दिन का अनध्याय होता है। इस कर्म में आचार्य और शिष्य सम्मिलित रहते हैं।

उत्सर्ग का कर्म तैषी पौर्णमासी को किया जाता है। शिष्यों के साथ आचार्य पूर्व या उत्तर दिशा में किसी पोखरे पर जाता है। वहाँ वे मन्त्रों के साथ घड़ों से स्नान करते हैं तथा मार्जन एवं तीन बार प्राणायाम करते हैं। पवित्र स्थान में देवों के लिए तथा ऋषियों के लिए कुशों के आसन बनाते हैं। शाखाकारों के लिए तथा पितरों के लिए भी आसन बनाये जाते हैं। फिर देवों और ऋषियों का तर्पण तथा सामूहिक प्रार्थना करते हैं। तीन अनुवाकों का अध्ययन होता है। जल में प्रवेश करके वे समुद्र की तरह क्षोभ उत्पन्न करते हैं। जल से निकलकर वे पूर्व या उत्तर दिशा को दौड़ते हैं। इसे आजिधावन कहते हैं। फिर घर में प्रवेश कर ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। जल से प्रतिदिन देवों, ऋषियों और पितरों के तर्पण का विधान है।

पञ्चम पटल—का आरम्भ ब्रह्मचारी के स्नान या समावर्तन नाम के कर्म से आरम्भ होता है। यह कर्म वेदों का अध्ययन समाप्त करने पर किया जाता है। ब्रह्मचारी गायों के घर में जाकर मृगचर्म पर बैठता है। उस दिन उसके शरीर पर सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ना चाहिए। दोपहर को वह अग्नि के उपसमाधान से लेकर आज्यभाग की आहुतियों तक के सामान्य कर्म करता है। अग्नि के पश्चिम में बैठकर छुरे को अभिमन्त्रित करके केशवपन के लिए नाई को देता है। केशवपन की क्रिया का आरम्भ आचार्य करे और फिर नापित पूरा करता है। केशों को उदुम्बर की झाड़ी में स्थापित किया जाता है। गायों के निवासस्थान के पीछे बैठकर मेखला निकालकर किसी ब्रह्मचारी को देता है। वह ब्रह्मचारी उस मेखला को उदुम्बर वृक्ष के मूल में

या कुशों की झाड़ी में छिपाकर रख देता है। शीतल और उष्ण जल से मिश्रित जल से छः मन्त्रों से स्नान करे और मन्त्र के साथ उदुम्बर की दातौन से दाँत साफ करता है। पुनः सुगन्धित जल से स्नान करता है। शरीर में चन्दन का लेप करता है। सोने की मणि को जल में घुमाकर गले में बाँधता है। नया वस्त्र धारण करता है। उस वस्त्र के छोर में दो कर्णभूषण बाँधता है। कर्णाभूषणों को दर्वी में रखकर उन पर आज्य गिराता है और आठ मन्त्रों से आठ प्रधान आहुतियाँ तथा जया आहुतियाँ करता है। अग्नि के चारो ओर जल के परिषेचन तक की क्रियाएँ करता है और मन्त्र पढ़ते हुए कर्णाभूषणों को एक-एक कर कानों में बाँधता है। तदुपरान्त मन्त्रों के साथ दर्पण में मुख देखना, जूता, छाता और छड़ी धारण करने का कार्य करता है। नक्षत्रों के उदय तक मौन रखकर दिशाओं तथा नक्षत्रों की पूजा करता है। मित्र से सम्भाषण कर वह अभीष्ट आश्रम में प्रवेश करता है। (खण्ड १२)। मधुपर्क तथा अतिथि पूजा की विधि का भी निर्देश आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में किया गया है। स्नातक जब घर लौटता है तो उसके लिए मधुपर्क की पूजा होती है। स्नातक कुटुम्बियों द्वारा प्रदत्त घासों के कूर्च पर बैठता है। मधुपर्क देने वाला पहले जल उपस्थित करता है। अतिथि जल के ऊपर मन्त्र पढ़ता है और दाहिना पैर ब्राह्मण द्वारा धोये जाने के लिए बढ़ाता है। उसका बायाँ पैर शूद्र धोता है। किन्तु यह नियम केवल ब्राह्मण स्नातक के लिए है, क्षत्रिय या वैश्य स्नातक के लिए नहीं। अतिथि मन्त्र पढ़ते हुए पैर धोने वाले को छूकर अपने हृदय का स्पर्श करता है। मधुपर्क प्रदाता मिट्टी के पात्र में जल लेकर अर्घ के लिए प्रस्तुत करता है। यह जल पुष्प, अक्षत से युक्त होता है। अतिथि उस जल का कुछ अंश अञ्जलि में मन्त्र पढ़ते हुए लेता है। शेष जल पूर्व की ओर ले जाकर गिरा दिया जाता है। इस समय वस्त्रादि उपहार भी दिये जाते हैं। दही और मधु काँसे के बर्तन में मिलाकर उसे काँसे के बर्तन से ढँककर दोनों ओर घास के कूर्च से पकड़कर अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और "यह मधुपर्क है" ऐसा निवेदन किया जाता है। कहीं-कहीं मधुपर्क दही, मधु, घी का मिश्रण होता है। कहीं-कहीं पाँच पदार्थ होते हैं और धाना और सत्तू का भी मिश्रण होता है। अतिथि उस मधुपर्क को भी अभिमन्त्रित कर मन्त्रों के साथ तीन बार खाता है और शेष अंश अपने कृपा-पात्र को दे देता है। तदुपरान्त 'गौ' उपस्थित करते हैं। गौ के ऊपर अतिथि मन्त्र पढ़ता है। उस 'गौ' का अतिथि के इच्छानुसार वध भी हो सकता है। वध होने पर उसकी वपा को पकाकर आज्य के साथ अग्नि में हवन किया जाता है। पूज्यमान व्यक्ति गौ को छोड़ देने का भी आदेश दे सकता है "ओम्

उत्सृजत" । जो अन्न पूज्यमान के लिए बनाया जाता है उसका भी पूज्यमान अभिमन्त्रण करता है । अन्न मांसयुक्त होता है ।

ये अर्घ कर्म अपने आचार्य, ऋत्विज, श्वसुर और राजा के लिए भी किये जाते हैं, यदि वे एक वर्ष के बाद आये हों । (खण्ड १३)

षष्ठ पटल—का आरम्भ सीमन्तोन्नयन संस्कारसे होता है । यह संस्कार स्त्री के प्रथम गर्भकाल के चौथे महीने में किया जाता है । इसमें स्त्री के केशों के बीच की रेखा का उन्नयन किया जाता है । "सीमन्तो उन्नीयते यस्मिन् कर्मणि तत्" । ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद उनसे स्वस्तिवाचन कराकर पत्नी से संयुक्त होकर पति अग्नि के उपसमाधान से लेकर आज्यभाग की आहुति तक के कर्म, आठ प्रधान आहुतियाँ तथा जया आहुतियाँ करता है । अग्नि का परिषेचन कर पत्नी को अग्नि के पश्चिम में पूरब की ओर मुख करके बैठाकर उसके केशों को तीन दर्भ के टुकड़े, उदुम्बर के गुच्छे, साही के काँटे से सीमन्त का उन्नयन करता है । यह कर्म मन्त्र के साथ होता है । इस समय वीणा बजाने वाले गाथा भी गाते हैं । पत्नी के सिर पर अंकुरित जौ सूत्र द्वारा बांधता है और वह नक्षत्रों के उगने तक मौन रहती है । नक्षत्रों का उदय होने पर पत्नी के साथ पूर्व या उत्तर को जाकर गौ के बछड़े का स्पर्श कर व्याहृतियों का जप कर मौन का परित्याग करता है ।

पुंसवन संस्कार पुत्रोत्पत्ति की आकांक्षा से उस समय किया जाता है जब गर्भ स्पष्ट हो गया है । यह संस्कार तिष्य नक्षत्र में किया जाता है । यह गर्भ के तीसरे या चौथे मास में किया जाता है । न्यग्रोध वृक्ष की ऐसी टहनी तोड़कर जिसमें दो फल पास-पास अण्डकोष के रूप में हों लाकर किसी ऐसी कन्या से, जो रजस्वला न हुई हो, पिसवाया जाता है । उसे वस्त्र से छनवाया जाता है । अग्नि के उपसमाधान से लेकर अन्य कर्म सीमन्तोन्नयन के समान किये जाते हैं । ब्राह्मणभोजन और स्वस्तिवाचन नहीं होता । पत्नी को अग्नि के पश्चिम में उत्तान लिटाकर उसके नाक के दाहिने छिद्र में न्यग्रोध का रस प्रवेश कराता है । यहीं आपस्तम्ब गृह्य सूत्र में शीघ्र अर्थात् अधिक पीड़ा के बिना पुत्रोत्पत्ति होने के लिए भी एक प्रकार की आभिचारिक क्रिया की जाती है । (खण्ड १४)

जातकर्म नाम का संस्कार उत्पन्न हुए पुत्र के लिए ही किया जाता है, पुत्री के लिए नहीं । पिता वत्सप्री ऋषि के मन्त्र का पाठ करते हुए पुत्र का स्पर्श करता है, फिर मन्त्र पढ़ते हुए गोद में लेता है, उस पर मन्त्र पढ़ता है । उसके सिर को सूँघता है और तदुपरान्त उसके कान में जप करता है । उस समय बालक का नक्षत्र का नाम रखता है । यह नाम गुप्त रहता है ।

मधु और घृत मिलाकर सोने के टुकड़े को दर्भ से बाँधकर बालक को चटाता है। दूसरे काँसे के पात्र में दही और घृत मिलाकर पृषदाज्य बनाकर चार-बार चटाया जाता है। बचे हुए पृषदाज्य को गायों के रहने के स्थान पर गिरा दिया जाता है। मन्त्र से ही उसे माँ की गोद में रखता है और मन्त्र पढ़कर स्तनपान कराता है। बालक को लिटाने पर उसके सिरहाने जल से भरा घड़ा रखते हैं और आठ मन्त्रों से सरसों और धान की भूसी का हवन करता है। जब भी कोई उस घर में प्रवेश करता है तो विना मन्त्र के तीन-तीन बार हवन करता है।

नामकरण दसवें दिन होता है। इस दिन सूतिकास्नान के बाद सूतिका के चिह्नों को हटा दिये जाने पर पिता नाम रखता है। पुत्र का नाम चार अक्षरों का तथा पुत्री का अयुग्म अक्षरों का नाम उत्तम माना गया है। (खण्ड १५)

अन्नप्राशन कर्म जन्म से छठे महीने में होता है। पहले ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। उनसे स्वस्तिवाचन कराने के बाद दही, मधु, घृत और भात मिलाकर चार मन्त्रों से कुमार को खिलाते हैं। यह कर्म जन्म से छठे महीने में होता है। कुछ आचार्यों के अनुसार अन्नप्राशन में तित्तिर पक्षी का मांस भी विहित है।

चौल या चूड़ाकरण संस्कार जन्म के तीसरे वर्ष में पुनर्वसु नक्षत्र के समय होता है। मन्त्र के साथ यह कर्म पुत्र के लिए ही होता है, पुत्री के लिए नहीं। पहले ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है और उनसे स्वस्ति-वाचन कराया जाता है। तदुपरान्त अग्नि के उपसमाधान से लेकर परिषेचन तक के कर्म किये जाते हैं। बालक को अग्नि के पश्चिम पूर्व की ओर मुख कर बैठाया जाता है। उसके केशों को तीन दर्भ, अनपके उदुम्बर फल का गुच्छा तथा तीन चिह्नों वाले साही के काँटे से सँवार कर ऋषि के अनुसार शिखा बनायी जाती है। छुरे को धोकर रख दिया जाता है और तीन दिन तक यह कर्म किया जाता है।

इसी प्रकार गोदान नाम का कर्म होता है जो सोलहवें वर्ष में किया जाता है। यह गोदान कर्म अग्नि देवता के लिए किया जाताहै, अथवा पूरे वर्ष तक इसका व्रत रखा जा सकता है। गोदान कर्म में सम्पूर्ण केशों का वपन होता है, किन्तु चौलकर्म में शिखा छोड़ी जाती है। गोदान कर्म आचार्य करता है।

सप्तम पटल—का आरम्भ गृह सम्मान विधि से होता है। इसके पूर्व यज्ञ के अधिकारी पुरुष की देह से सम्बद्ध संस्कारों का वर्णन किया गया है।

किन्तु ये कर्म विधिवत् बनाये गये घर में ही किये जाते हैं। इस कारण गृहसम्मान विधि (विधिपूर्वक घर बनाना) गृह्यसूत्र में वर्णित है। घर बनाने के लिए दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थान का चयन करना उचित माना गया है। कुदाल से खोदकर शमी की टहनियों से धूल झाड़ी जाती है। तीन बार झाड़ने के बाद उस भूमि का अभिमन्त्रण किया जाता है और बायें से दाहिने की ओर खम्भों के लिए गड्ढे खोदे जाते हैं। मन्त्रों के साथ पहले द्वार स्तम्भ लगाया जाता है। मन्त्र पढ़ते हुए ही खम्भों पर बल्ली रखी जाती है। घर का निर्माण होने पर उसका अभिमन्त्रण करता है। पहले घर से शमी या पलाश की समिधा जलाकर प्रवेश करता है। उसे घर की उत्तर पूर्व दिशा में स्थापित करता है। उस अग्नि के दक्षिण में जल रखने का स्थान बनाया जाता है। दर्भ पर चावल और जौ रखकर उस पर जल रखने का पात्र उद-धान स्थापित करता है। इसमें मन्त्र पढ़ते हुए चार घड़े पानी डाला जाता है। अग्नि के उपसमाधान से आरम्भ कर चार प्रधान आहुतियाँ और जया आदि आहुतियाँ की जाती हैं। अग्नि का परिषेचन करने के बाद ब्राह्मणों को पुआ, सत्तू और भात खिलाया जाता है। (खण्ड १७)।

अन्य गृह्यसूत्रों के समान आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में भी कतिपय आभिचारिक क्रियाओं का वर्णन है। उदाहरण के लिए, विवाह का विवेचन करने के बाद पति को वश में करने, सपत्नियों का प्रभाव समाप्त करने के लिए सपत्नीबाधन तथा पत्नी को राजयक्ष्मा से स्वस्थ करने के लिए आभिचारिक क्रियाएँ दी गयीं हैं। (पृ० १४६–१५१)।

पुंसवन संस्कार को भी एक प्रकार का अभिचारिक कर्म कहा जा सकता है। पुत्र की उत्पत्ति के समय कष्टरहित प्रसव के लिए जो मन्त्रसहित कर्म बताये गये हैं वे भी आभिचारिक कर्म ही कहे जा सकते हैं। आपस्तम्ब गृह्यसूत्र के अठारहवें खण्ड का आरम्भ भी ऐसी ही आभिचारिक क्रिया या झाड़-फूंक से है। यदि बालक को श्वग्रह अर्थात् पिशाच ने ग्रहण कर लिया हो अथवा कुत्ते की तरह चेष्टा करने का रोग लग गया हो तो बालक को एक जाल से ढँककर घण्टी बजाते हुए पीछे के द्वार से जुआ खेलने के स्थान पर ले जाय और जुए की गोटियों के ऊपर उत्तान लिटाकर मन्त्रों का पाठ करते हुए नमक मिला हुआ दही उसके ऊपर छिड़के। यह कर्म तीनों समय किया जाता है। शंख रोग के लिए भी अभिमन्त्रण का नियम बताया गया है।

सर्पबलि—गृहस्थ को पर्वों पर बलि कर्म करना होता है। सर्पबलि भी इसी प्रकार का कर्म है। यह प्रत्येक वर्ष किया जाता है। श्रावण की पौर्ण-

मासी से आरम्भ कर मार्गशीर्ष की पौर्णमासी तक किया जाता है। आज्य भाग की आहुतियों तक के कर्म किये जाते हैं और स्थालीपाक से अंश ग्रहण कर हवन किया जाता है। चार आज्य आहुतियाँ और जया आहुतियाँ होती हैं। बाहर निकलकर रेखाएँ खींचकर उन पर कुटा हुआ धान, लावा, अञ्जन, अभ्यञ्जन, स्थगर और उशीर आदि छोड़े। अठ्ठारह मन्त्रों से सर्पों की पूजा कर चुपचाप लौट आना होता है।

आग्रयण कर्म प्रथम फलों का अंश ग्रहण करने का कर्म है। नये अन्नों का स्थालीपाक बनाकर चार आहुतियाँ आग्रयण के देवों के लिए और पाँचवीं आहुति अग्नि स्विष्टकृत् के लिए दी जाती है।

गृहस्थ के जीवन से संबद्ध कर्मों में 'प्रत्यरोहण' कर्म भी है। हेमन्त ऋतु में चारपाई को छोड़कर नीचे भूमि या पुआल पर सोने के कर्म को हेमन्त-प्रत्यवरोहण कहा जाता है। यह प्रत्येक वर्ष होता है। इस अवसर पर स्थाली-पाक होम भी होता है। परिवार के बच्चों के सोने का स्थान भी विहित होता है। सोने के बाद उठकर मन्त्र पढ़कर पृथ्वी का स्पर्श करना होता है।

ईशान बलि नाम के कर्म को ही शूलगव कहते हैं। यह पूर्व या उत्तर दिशा की ओर क्षेत्रपति के लिए अर्पित की जाती है। दूसरे गृह्यसूत्रों में इस अवसर पर गो का आलभन भी विहित है किन्तु आपस्तम्ब ने केवल स्थाली॰ पाक का विधान किया है। यह नित्य कर्म है, काम्य या नैमित्तिक कर्म नहीं है। अग्नि के पश्चिम में दो झोपड़ियाँ बनायी जाती हैं। दक्षिण की ओर की झोपड़ी में ईशान का और उत्तर की ओर की झोपड़ी में मीढुषी देवी का आवाहन होता है। इन दोनों के बीच में जयन्त का आह्वान होता है। पहले उन्हें जल दिया जाता है और फिर स्थालीपाक का हवन। सत्रह मन्त्रों से इन तीनों को हवन देने के बाद अग्नि स्विष्टकृत् के लिए हवन किया जाता है। ईशान की पूजा के बाद सात मन्त्र पढ़ते हुए ओदन युक्त बीस पत्ते अर्पित किये जाते हैं। इसे पर्णदान कहते हैं। पुनः चार मन्त्रों से दो-दो पत्ते और रखते हैं। भात का एक पिण्ड बनाकर वृक्ष पर रखते हैं। इस समय अनुवाक का जप भी किया जाता है।

क्षेत्रपति की बलि—गायों के मार्ग में बिना अग्नि जलाये ही भूमि पर दी जाती है। ईशान बलि के समान क्षेत्रपति का भी आवाहन होता है और चार या सात पत्तों पर भात रखा जाता है। तदुपरान्त मन्त्रों से प्रार्थना करने के बाद ब्राह्मण को भोजन कराने का विधान है। (खण्ड २०)।

अष्टम पटल—मासिश्राद्ध कर्म प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष में पितरों के

लिए किया जाता है। विषम संख्या में योग्य ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद सात ऋचाओं से उस अन्न से ही हवन किया जाता है। छः आज्य आहुतियों के बाद ब्राह्मणों के लिए परोसे गये भोजन का स्पर्श करे। ब्राह्मणों के भोजन करने के बाद उनके प्रस्थान के समय उनके पीछे चले। उनकी प्रदक्षिणा करे। कुशों को बिछाकर, उन पर जल गिराने के बाद पिण्डदान किया जाता है। सबके अन्त में दक्षिण की ओर पिण्ड देकर जल गिराये।

अष्टका नाम का कर्म माघ मास की पौर्णमासी के बाद ज्येष्ठा नक्षत्र की अष्टमी को किया जाता है। इसे एकाष्टका कहते हैं। यह मासि-श्राद्ध का विकृत रूप है और वर्ष भर में केवल एक बार किया जाता है। चार शराव की मात्रा के चावल का अपूप बनाया जाता है। अग्नि के उपसमाधान से लेकर आज्यभाग की आहुति तक के कर्म कर उस अपूप से ही हवन करता है। उसका आठ भाग कर घी से युक्त कर ब्राह्मणों को देता है। पाँच आज्य आहुतियों के बाद गौ की वपा का होम होता है। फिर मांस युक्त भात की आहुति सात ऋचाओं से दी जाती है। स्विष्टकृत् होम से लेकर पिण्ड रखने तक के कार्य किये जाते हैं। दूसरे दिन नवमी को मांस और ओदन से ही अन्वष्टका कर्म होता है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में विभिन्न अवसरों पर मन्त्र पढ़ने के नियम दिये गये हैं—जैसे रथ की प्राप्ति होने पर, हाथी प्राप्त होने पर, हाथी या घोड़े के शरीर पर चोट आने पर, संवाद अर्थात् मुकदमे में जाने पर, क्रोधी व्यक्ति को देखने पर, व्यापार आदि में कार्य की सिद्धि के लिए घर की वस्तुओं से हवन किया जाता है।

गृह्यसूत्र में कुछ विचित्र आभिचारिक क्रियाएँ भी वर्णित हैं, जैसे पत्नी को परपुरुष के सम्पर्क से विरत करने की क्रिया (पृ० ३४२) और भागनेवाले भृत्य को बनाये रखने के लिए अभिचार कर्म (पृ० ३४५)। सोये हुए भृत्य के चारो ओर ऋचा का पाठ करते हुए मूत्र गिराने और चार मन्त्रों से आहुति करने का विधान है।

कई आहुतियाँ छोटे-छोटे निमित्त के लिए भी बतायी गयी हैं, जैसे घर में लगे खम्भे में कोंपल फूटने, मधुमक्खी का छत्ता लगने, रसोई घर में कबूतर का पैर दिखायी पड़ने, रोग होने, अद्भुत कार्यों पर ग्यारह मन्त्रों से आहुति का विधान किया गया है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में व्यक्ति और समाज

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में प्राचीन भारत के गृहस्थ जीवन का स्पष्ट प्रतिबिम्ब दिखायी पड़ता है। गृह्यसूत्र का क्षेत्र सीमित है। यह मुख्यतः गृहस्थ के

जीवन से संबद्ध क्रियाओं तक ही सीमित है और सामाजिक परिवेश का प्रवेश उसी सीमा तक दिखायी पड़ता है, जिस सीमा तक गृहस्थ हिन्दू के अनिवार्य कर्तव्यों की सिद्धि के लिए आवश्यक है। लेकिन उस सामाजिक पृष्ठभूमि को समझना कठिन नहीं है। गृह्यसूत्रों की अपेक्षा धर्मसूत्रों में उस समाज का विस्तृत परिवेश दिखायी पड़ता है। और गृह्यसूत्र का समाज वही है जो धर्मसूत्र का।

गृह्यसूत्रों का सामाजिक अध्ययन की दृष्टि से महत्त्व है। गृह्यसूत्रों के महत्त्व पर डॉ० विण्टरनित्स का कथन उचित ही है—"यद्यपि ये गृह्यसूत्र साहित्यिक रचनाओं के रूप में कम महत्त्वपूर्ण हैं तथापि इनसे प्राचीन भारतीय के जीवन में गम्भीर अन्तर्दृष्टि मिलती है। वे वस्तुतः नृवंशविद्या के अध्येताओं के लिए वास्तविक भाण्डार हैं। यहां भारत में हमें प्राचीन भारतीयों के जीवन पर अत्यन्त विश्वसनीय विवरण मिलते हैं जो प्रत्यक्ष द्रष्टा के विवरण कहे जा सकते हैं। वे मानो प्राचीन भारत के "जनजीवन की पत्रिकाएं हैं।

"Here in India we have the most reliable reports, we may say reports of eye-witnesses, upon the daily life of ancient Indians, in the form of rules and precepts in these apparently insignificant sūtra-texts. They are, as it were, the 'Folklore Journals' of ancient India." पृ० २३९

"यह सत्य है कि गृह्यसूत्र प्राचीन भारतीय परिवार के पिता का जीवन धार्मिक दृष्टि से प्रस्तुत करता है, किन्तु चूंकि धर्म प्राचीन भारतीय के जीवन को इस सीमा तक व्याप्त करता था कि कुछ भी कर्म धार्मिक क्रिया के बिना नहीं होता था।"

"It is true, they describe the life of the ancient Indian father of the family only from the religious side, but as religion permeated the whole existence of the ancient Indians to such an extent that actually nothing could take place without an attendant religious ceremony, they are for the ethnologist most invaluable sources for the popular customs and usages of that ancient period."

गृह्यसूत्रों में वर्णित संस्कारों और प्रथाओं की योरोपीय संस्कारों और रीति-रिवाजों के साथ तुलना करने पर इन गृह्यसूत्रों का एक और महत्त्व दिखलायी पड़ता है और वह यह कि भाषा के आधार पर यूनानी, रोमन,

ट्यूटानिक आदि जातियों से भारतीय आर्य का जो मौलिक संबन्ध प्रमाणित किया गया है उसकी पुष्टि रीति-रिवाजों तथा संस्कारगत समानताओं द्वारा होती है—डा० विण्टरनित्स के शब्दों में—

"The numerous parallels in the manners and customs of other Indo-European peoples, which have been discovered long ago, with the usages described in the Gṛhyasūtras, make these documents all the more important. In particular, the comparison of the Greek, Roman, Teutonic and Slavonic marriages customs with the rules contained in the Gṛhyasūtras, has shown that the relationship of the Indo-European peoples is not limited to language, but that these peoples, related in language. have also preserved common features from pre-historic times in their manners and customs."

हिस्ट्री आफ इण्डियन लिटरेचर, भाग १, पृ० २३९

गृह्यसूत्रों में हिन्दू गृहस्थ के जीवन की जो झाँकी दिखायी पड़ती है उसे हम दो खण्डों में बाँट सकते हैं। एक तो गृहस्थ का जीवन, जो सभी धर्म-कर्मों, संस्कारों, पूजन, अतिथि संस्कार में अपनी पत्नी के साथ संलग्न है। दूसरा ब्रह्मचारी का जीवन है जो गृहस्थ जीवन के दायित्वों के निर्वाह की योग्यता अर्जित करने में संलग्न है और अपनी उन्नति, अपने आत्मविकास के लिए निरन्तर आचार्य से संबद्ध है। इसके साथ ही गृह्यसूत्र में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की कोंपल इस तरह फूटकर अलग होती हुई दिखायी पड़ती है कि सभी संस्कार एक वृत्त के रूप में पुरुष से संबद्ध दिखायी पड़ते हैं। यह जीवन एक ऐसा जीवन है जिसमें पूर्व भी है और पर भी है जिसके दोनों छोर संबद्ध हैं और जिसमें एक सातत्य है, एक निस्तरता है और एक परम्परा है। एक सुव्यवस्थित सोद्देश्य जीवन का जो आदर्श रूप गृह्यसूत्रों में मिलता है वह अन्यत्र दुर्लभ है। इस व्यवस्था को हम अपरिवर्तन या रूढ़िवादी जीवन की संज्ञा नहीं दे सकते, क्योंकि वह जीवन जिन लक्ष्यों पर आधारित है वे लक्ष्य शाश्वत हैं। जो शाश्वत है उसमें परिवर्तन संभव ही नहीं, भले ही उसका नाम कुछ बदल दिया जाय। संस्कारों की पृष्ठभूमि में ये ही शाश्वत तत्त्व हैं—जीवन का एक उदात्त उपयोग करने, उच्च लक्ष्य की ओर अग्रसर करने का आदर्श है। जितने विधान किये गये हैं वे सभी उसी लक्ष्य को लेकर किये गये हैं—इस लोक में अभ्युदय और परलोक में निःश्रेयस

की सिद्धि। धर्म के अनुसरण के लिए ही अन्धविश्वास या अभिचार की क्रियाओं का भी उपयोग किया गया है। धर्म की सिद्धि के लिए ही वर्ण या आश्रम की व्यवस्था का मौलिक स्वरूप स्थापित हुआ था। गृह्यसूत्रों का साक्षात् संबन्ध आचार से है और गृह्यसूत्र के कर्मों का ज्ञान प्रयोग से प्राप्त होता है श्रुति से नहीं। आपस्तम्ब गृह्यसूत्र का प्रथम सूत्र है—"अथ कर्माण्याचाराद्यानि गृह्यन्ते"।

गृह्यसूत्रों की क्रियाएँ और संस्कार सभी जीवन के उद्देश्य को सिद्ध करने के लिए व्यवस्थित किये गये हैं। ये क्रियाएँ केवल तीन वर्णों के लिए मन्त्रों के साथ विहित हैं किन्तु मन्त्र के बिना इनमें से अधिकांश कर्म शूद्र वर्ण के लिए भी विहित थे। गृह्यसूत्रों की क्रियाओं की आधारभूमि गृहस्थ आश्रम है। अतः हम गृहस्थाश्रम की व्यवस्था पर आपस्तम्बगृह्यसूत्र के आलोक में विचार करेंगे।

गृहस्थाश्रम का महत्त्व

सभी आश्रमों में गृहस्थाश्रम को सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है। वस्तुतः, गृहस्थाश्रम वास्तविक लौकिक कर्म और श्रम का जीवन है और अन्य सभी आश्रम इसी पर आश्रित होते हैं। प्रायः सभी धर्मसूत्रों में गृहस्थाश्रम के महत्त्व को स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया गया है। गौतम धर्मसूत्र में कहा गया है—

"ऐक्याश्रम्यं त्वाचार्याः प्रत्यक्ष विधानाद् गार्हस्थ्यस्यैव" १.३.३५।
गृहस्थाश्रम में ही देवों, पितरों, मनुष्यों और ऋषियों की पूजा संभव हो सकती है। आपस्तम्बधर्मसूत्र में भी कहा गया है—"तीन प्रकार की विद्याओं के ज्ञाता आचार्यों का मत है कि वेद ही परम प्रमाण है। इस कारण वेदों में व्रीहि, यव, यज्ञपशु, आज्य, दुग्ध, कपाल का उपयोग करते हुए, पत्नी के साथ, मन्त्रों का उच्च या मन्द स्वर से पाठकर जिन कर्मों के करने का विधान है उन्हें करना चाहिए और इस कारण उनके विपरीत आचरण का निर्देश करने वाले नियमों को वेदज्ञ प्रमाण नहीं मानते हैं।"

"त्रैविद्यवृद्धानां तु वेदाः प्रमाणमिति निष्ठा तत्र यानि श्रूयन्ते व्रीहियवपश्वाज्यपयः कपाल-पत्नी सम्बन्धान्युच्चैर्नीचैः कार्यमिति नैर्विरुद्ध आचारोऽप्रमाणमिति मन्यन्ते।" (२.२३.९)

गृहस्थाश्रम के महत्त्व के विषय में ही आगे कहा गया है—

"अथाप्यस्य प्रजापतिममृतमाम्नाय आह—प्रजामनु प्रजायसे तदुते मर्त्याऽमृतमिति।"

"हे मरणधर्मा मनुष्यो, तुम अपनी सन्तान में पुनः उत्पन्न होते हो, अतः सन्तान ही तुम्हारे लिए अमरत्व है।"

गृहस्थाश्रम की प्रशंसा में प्रजापति के दूसरे वचन का भी उल्लेख किया गया है—

"त्रयी विद्यां ब्रह्मचर्यं प्रजातिं श्रद्धां तपो यज्ञमनुप्रदानम्। य एतानि कुर्वते तैरित्सह स्मो रजो भूत्वा ध्वंसतेऽन्यत्प्रशंसन्निति।" जो तीनों वेदों का अध्ययन, ब्रह्मचर्य, सन्तानोत्पत्ति, श्रद्धा, तप, यज्ञ तथा दान—इन कर्मों को करता है वह धूल में मिल जाता है।"

इस प्रकार गृहस्थाश्रम का महत्त्व मुख्यतः दो कारणों से है। देवों, पितरों, ऋषियों और मनुष्य के प्रति कर्तव्य, पूजन, तर्पण, बलिकर्म इसी आश्रम में संभव हैं और इसी आश्रम में सन्तान उत्पन्न कर पितृऋण से मुक्त होने के लिए विवाह संस्कार की व्यवस्था है। सन्तान केवल भौतिक दृष्टि से धन सम्पत्ति के उत्तराधिकार के लिए आवश्यक नहीं है अपितु सन्तान के साथ-साथ धर्म का भी विस्तार होता है।

स्मृतियों में गृहस्थाश्रम की सर्वत्र प्रशंसा की गयी है। मनु के शब्दों में "जिस प्रकार समस्त प्राणी अपने जीवन के लिए वायु पर आश्रित हैं, उसी प्रकार सभी आश्रम गृहस्थाश्रम पर आश्रित हैं। गृहस्थ ज्ञान तथा अन्न से दूसरे तीनों आश्रमों की सहायता करता है। गृहस्थ अन्य तीनों आश्रमों से श्रेष्ठ है।"

यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वजन्तवः।
तथा गृहस्थमाश्रित्य वर्तन्ते सर्व आश्रमाः॥
यस्मात् त्रयोप्याश्रमिणो ज्ञानेनान्नेन चान्वहन्।
गृहस्थेनैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठाश्रमे गृही॥
स सन्धार्यः प्रयत्नेन स्वर्गमक्षयमिच्छता।
सुखं चेहेच्छता नित्यं योऽधार्यो दुर्बलेन्द्रियैः॥ ३. ७७–७९,

संस्कारों का महत्त्व

संस्कार सम् पूर्वक कृ धातु से घञ् प्रत्यय लगाकर निष्पन्न है। इसके अनेक व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ हैं। भिन्न-भिन्न शास्त्रों में संस्कार शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थ ग्रहण किये गये हैं। इस शब्द के निम्नलिखित अर्थ प्रयोग में देखे जाते हैं—"शिक्षा, संस्कृति, प्रशिक्षण, सौजन्य, पूर्णता, व्याकरण सम्बन्धी शुद्धि, संस्करण, परिष्करण, शोभा, आभूषण, प्रभाव, स्वरूप, स्वभाव, क्रिया, स्मरण-शक्ति, स्मरणशक्ति पर पड़नेवाला प्रभाव, शुद्धिक्रिया, धार्मिक विधि,

विधान, अभिषेक, विचार, भावना, धारणा, कार्य का परिणाम, क्रिया की विशेषता।" (हिन्दू संस्कार, पृ० १८)

वस्तुतः संस्कार का अभिप्राय शुद्धि की धार्मिक क्रियाओं तथा दैहिक एवं बौद्धिक परिष्कार के लिए किये जाने वाले अनुष्ठानों से है। इनमें आचार के नियमों का भी समावेश है। हिन्दुओं के सभी संस्कार मनुष्य के जीवन को निश्चित दिशा में परिष्कृत करनेवाली धार्मिक क्रियाएँ हैं। ये वे क्रियाएँ हैं जो जीवन को एक उत्तम उद्देश्य की ओर प्रेरित करती हैं। इन क्रियाओं की सामाजिक आवश्यकता है और उसके साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व भी है। यद्यपि संस्कार किसी-न-किसी रूप में सभी जातियों में हैं, तथापि हिन्दू संस्कृति में संस्कारों की अपूर्व श्रृंखला देखने को मिलती है। हिन्दू जीवन एक ऐसा अद्भुत जीवन है, जिसका कोई क्षण निरुद्देश्य नहीं, कोई ऐसा क्षण नहीं जो पवित्र न बना दिया गया हो। प्राचीन हिन्दू जीवन की जो रूपरेखा धर्मसूत्रों और गृह्यसूत्रों में मिलती हैं वह एक ऐसा भव्य प्रासाद है जिसकी प्रत्येक ईंट बड़े सुन्दर और सही ढंग से रखी गयी है।

संस्कारों के धार्मिक महत्त्व के विषय में प्रायः सभी प्राचीन आचार्यों ने अपने मत व्यक्त किये हैं। मनु का कथन है—"गर्भाधान के समय किये गये, होम, जातकर्म, चूडाकर्म और मौञ्जीबन्धन अर्थात् उपनयन संस्कार के अनुष्ठान से द्विजों के गर्भ तथा बीजसम्बन्धी दोष दूर हो जाते हैं।"

> गार्भैर्होमैर्जातकर्मचौडमौञ्जीबन्धनैः ।
> बैजिकं गार्भिकञ्चैनो द्विजानामपमृज्यते ॥ मनुस्मृति २.२७

मनु के ही अनुसार वे संस्कार वैदिक कर्मों के साथ करने चाहिए इससे इस लोक और परलोक में पुण्य की प्राप्ति होती है—

> वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम् ।
> कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह च ॥ मनु० २.२६

मनु ने आगे कहा है—

> स्वाध्यायेन जपैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया सुतैः ।
> महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः ॥

"स्वाध्याय, व्रत, होम, देव-ऋषियों के तर्पण, यज्ञ, सन्तानोत्पत्ति, इज्या तथा पञ्चमहायज्ञों के अनुष्ठान से यह शरीर ब्रह्मप्राप्ति के योग्य हो जाता है।"

ऐसी प्राचीन मान्यता रही है कि मनुष्य जन्म से शूद्र ही उत्पन्न होता है लेकिन संस्कारों के बाद वह द्विज हो जाता है—

"जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।" संस्कारों को मोक्ष की

प्राप्ति का भी साधन माना गया है। मनुस्मृति के टीकाकार मेधातिथि के शब्दों में—

"न हि कर्मभिरेव केवलैर्ब्रह्मत्व प्राप्तिः प्रज्ञानकर्म समुच्चयात् किल मोक्षः। एतैस्तु संस्कृतः आत्मनोपासना स्वधिक्रियते।"

संस्कारों के महत्त्व के विषय में शङ्खलिखित का यह विचार भी ब्रह्म के सायुज्य अथवा मोक्ष की प्राप्ति के उद्देश्य को ही व्यक्त करता है—

संस्कारैः संस्कृतः पूर्वरुत्तरैरनुसंस्कृतः।
नित्यमष्ट गुणैर्युक्तो ब्राह्मणो ब्राह्मलौकिकः॥
ब्राह्मं पदमवाप्नोति यस्मान्न च्यवते पुनः॥

संस्कारों से संस्कृत तथा आठ आत्मगुणों से युक्त व्यक्ति ब्रह्मलोक में पहुँच कर ब्राह्मपद को प्राप्त कर लेता है, जिससे वह फिर कभी च्युत नहीं होता।"

अङ्गिरा के शब्दों में सभी संस्कार चित्ररचना के रंगों के समान मानव रूपी चित्र को पूर्ण स्वरूप देने के साधन हैं—

चित्रकर्म यथानेकै रङ्गैरुन्मील्यते शनैः।
ब्राह्मण्यमपि तद्वत् स्यात् संस्कारैर्विधिपूर्वकम्॥

वस्तुतः मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण के लिए इन संस्कारों का ऐसा ही महत्त्व है। लोक में चरित्रनिर्माण ही संस्कारों का मुख्य प्रयोजन है। इससे न केवल आत्मा का अपितु शरीर का भी श्रेयस् के लिए सही विनियोग होता है। डॉ० राजबली पाण्डेय के शब्दों में "संस्कार एक प्रकार से आध्यात्मिक शिक्षा की क्रमिक सीढ़ियों का कार्य करते हैं। उनके द्वारा संस्कृत व्यक्ति यह अनुभव करता था कि सम्पूर्ण जीवन वस्तुतः संस्कारमय है और सम्पूर्ण दैहिक क्रियाएँ आध्यात्मिक ध्येय से अनुप्राणित हैं। यही वह मार्ग था जिससे क्रियाशील सांसारिक जीवन का समन्वय आध्यात्मिक तथ्यों के साथ स्थापित किया जाता था। जीवन की इस पद्धति में शरीर और उसके कार्य बाधा नहीं, पूर्णता की प्राप्ति में सहायक हो सकते थे।"—हिन्दू संस्कार, पृ० ३९)।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में विवाह और नारी

सभी संस्कारों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और सार्वभौम संस्कार विवाह है। चूँकि गृहस्थाश्रम विवाहित जीवन का ही दूसरा नाम है इस कारण गृह्य कर्मों का आरम्भ विवाह से ही होता है। यही कारण है कि अनेक गृह्यसूत्र विवाह के वर्णन से ही आरम्भ होते हैं। सभी गृह्यकर्मों का उद्‌गम या केन्द्र विवाह संस्कार ही है। 'गृह' को पत्नी का ही पर्यायवाची माना गया है।

गृह्यकर्मों और संस्कारों से ही मनुष्य का व्यावहारिक और वास्तविक जीवन संबद्ध था। इसलिए विवाह संस्कार का महत्त्व सर्वोपरि होना स्वाभाविक है। गृह्यकर्म, यज्ञ, स्थालीपाक द्वारा किये जाने वाले यज्ञ पत्नी की सहायता से ही सम्पन्न हो सकते थे, अतः विवाह का गृह्यकर्मों तथा संस्कारों के साथ अन्वयव्यतिरेक संबन्ध था। पत्नी ही धर्म, अर्थ और काम—तीनों पुरुषार्थों की सिद्धि का श्रेष्ठतम साधन है। कोई भी अविवाहित पुरुष, चाहे ब्राह्मण हो या क्षत्रिय, वैश्य हो या शूद्र, धार्मिक क्रियाओं के लिए अधिकारी नहीं हो सकता। इस विषय में भी सूक्ति है—

पत्नी धर्मार्थकामानां कारणं प्रवरं स्मृतम्।
अपत्नीको नरो भूप कर्मयोग्यो न जायते।
ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वैश्यः शूद्रोऽपि वा नरः॥

हिन्दू धर्म की मौलिक व्यवस्था में विवाह को भोगमात्र का साधन कहीं भी नहीं बनाया गया है। यह तो कर्त्तव्यपालन, धर्म के अनुष्ठान और जीवन के सदुपयोग का एक आध्यात्मिक बन्धन माना गया है। आपस्तम्ब-गृह्यसूत्र में विवाह और नारी विषयक उदात्त धारणाएँ अत्यन्त स्पष्ट रूप में देखी जा सकती हैं।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र संस्कारों में विवाह का वर्णन सबसे पहले करता है। विवाह का उत्सव मङ्गलमय बताया गया है और इसमें सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों, गीत, सजावट का विधान किया गया है (पृ० ४२)। आपस्तम्ब ने नक्षत्रों को भी विशिष्ट फलप्रद बताया है। जैसे इन्वकानक्षत्र के विवाह को उत्तम माना गया है। आपस्तम्ब के समय तक विवाह संस्कार में अनेक लोकप्रथाओं का भी प्रचलन हो चुका था। इसके लिए स्त्रियों के वचन प्रामाणिक माने जाते थे। इन क्रियाओं को आवृत् कहा गया है और उनके लिए मन्त्रों के प्रयोग का विधान नहीं है। "आवृत्तश्चास्त्रीभ्यः प्रतीयेरन्" (पृ० ४२)।

विवाह में वर और वधू के उत्तम कुल का विचार किया जाता था क्योंकि विवाह का प्रमुख लक्ष्य सन्तान की उत्पत्ति था। सन्तान की उत्पत्ति के लिए पति-पत्नी के स्वास्थ्य के अतिरिक्त उनके कुल और आचार का भी ध्यान रखा जाता था। प्रायः सभी धर्मसूत्रों और गृह्यसूत्रों में वर और कन्या के उत्तम गुणों पर जोर डाला गया है। आपस्तम्बगृह्यसूत्र में भी कन्या के विषय में कहा गया है : "बन्धुशीललक्षणसम्पन्नामरोगामुपयच्छेत्" (उत्तम-कुलवाली, उत्तम आचरणवाली, स्त्रियोचित गुणों से युक्त, स्वस्थ कन्या का उद्वाह करे।) वर के विषय में भी कहा गया है "बन्धुशीललक्षणसम्पन्नः

श्रुतवान रोग इति वरसम्पत्" (उत्तम कुल, उत्तम आचरण, शुभ लक्षण, अध्ययनसम्पन्नता और स्वास्थ्य वर के गुण हैं) ।

इन सभी गुणों का विचार होने पर भी आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में यह संभावना व्यक्त की गयी है कि दोषों के होते हुए भी कन्या के प्रति आकर्षण हो सकता है और ऐसी स्थिति में विवाह करना उचित होता है : "यस्यां मनश्चक्षुषोर्निबन्धस्तस्यामृद्धिर्नेतरदाद्रियेत्येके ।" १.३.२१ (पृ० ५५)। आपस्तम्बगृह्यसूत्र के अनुसार विवाह की सभी क्रियाएँ वर ही करता था और वर तथा कन्या में किसी भी प्रकार का पर्दा नहीं होता था । वर कन्या को मन्त्र पढ़ते हुए देखता था और उसकी आँखों के ऊपर कुश से स्पर्श करता था । यह भी एक प्रकार का आभिचारिक अभिमन्त्रण था । विवाह में कन्या का वरण वरपक्ष के कतिपय लोगों के समक्ष होने का नियम था ।

विवाह में अनेक प्रतीकों का भी प्रयोग किया गया है जैसे अश्मारोहण और ध्रुव दर्शन । अश्मारोहण जीवन में स्थिरता, संबन्ध की दृढ़ता और व्रतपालन का प्रतीक है और ध्रुवदर्शन भी स्थिरता का प्रतीक है ।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र में कन्या के जिन दोषों का उल्लेख किया गया है उनका संबन्ध कन्या के स्वास्थ्य और चरित्र से है । इसके अतिरिक्त उसके प्रति अनुरक्ति की संभावना का भी विचार किया गया है । विवाह के समय शकुन, अपशकुन द्वारा पतिपत्नी के भावी जीवन पर विचार करने की प्रथा भी दिखायी पड़ती है । कन्या के सामने एक साथ मिले हुए अनेक प्रकार के बीज, वेदी से ली गयी मिट्टी, खेत से लिया गया मिट्टी का ढेला, गाय का गोबर तथा श्मशान से लाया गया मिट्टी का ढेला छिपाकर रखा जाता था और कन्या को इनमें से किसी का अनुसरण करना होता था । वस्तु के अनुसार फल की कल्पना की जाती थी ।

पाणिग्रहण संस्कार की विधि ही सन्तान की कामना से प्रेरित थी । पुत्र की अभिलाषा से वधू के अँगूठे को ही पकड़ना विहित है । विवाह में जितने भी यज्ञकर्म विहित हैं उन सबमें पत्नी भी सहभागिनी होती है । आपस्तम्बगृह्यसूत्र के समय विवाहिता स्त्री रथ पर या पालकीपर ढोवाकर ले जायी जाती थी । उनके पीछे-पीछे विवाह की अग्नि भी ले जायी जाती थी । इसी अग्नि का आधान करना होता था और यह अग्नि बराबर प्रज्वलित रखने का विधान था । किसी कारणवश इस अग्नि के बुझ जाने पर अरणियों से मन्थन कर या श्रोत्रिय ब्राह्मण के घर से अग्नि लाकर पुनः प्रायश्चित्त करते हुए अग्नि का आधान करना होता था ।

पत्नी को ले जाते समय सम्पूर्ण मार्ग में मन्त्रों द्वारा अनिष्ट से उसकी

रक्षा करना पति का कर्तव्य था। पत्नी पति के घर पहुँचते ही उसके सभी यज्ञकर्मों में सहभागिनी बनकर स्थालीपाक की तैयारी में जुट जाती थी। वैवाहिक सम्बन्ध भोग के जीवन का आरम्भ न होकर यज्ञकर्म तथा देवों, ऋषियों, पितरों और मनुष्यों की पूजा का आरम्भ था और इसके लिए विधिपूर्वक अग्नि का आधान करने की क्रिया प्रथम थी। पति-पत्नी ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए तीन रात्रियाँ व्यतीत करते थे। पुत्र की कामना से एक और प्रतीक प्रधान कर्म यह था कि वधू की गोद में ऐसी स्त्री का पुत्र रखा जाता था जिसके केवल पुत्र ही हो और सभी पुत्र जीवित हों। (पृ० ९१)।

पति के घर आते ही पत्नी को स्थालीपाक के लिए—धान कूटना पड़ता था (पृ० ९५) इससे वह स्थालीपाक तैयार करती थी और पति-पत्नी दोनों स्थालीपाक से आहुति देते थे। आहुति देने का कार्य पति करता। पत्नी उसे पकड़े रहती। इस प्रकार दोनों साथ ही कर्ता होते थे।

विवाहोपरान्त पति-पत्नी के सम्बन्ध का एकमात्र लक्ष्य सन्तान-प्राप्ति था। प्रथम समागम के समय मन्त्रों का पाठ वैवाहिक संभोग को भी पवित्रता और पुत्रप्राप्ति के लक्ष्य से अन्वित करता था। इसी प्रकार प्राग्जन्म संस्कार सीमन्तोन्नयन और पुंसवन कर्म भी पुत्रप्राप्ति के लिए एक प्रकार की मंगल तथा अभिचार से युक्त क्रियाएँ थीं। इनके साथ याज्ञिक अंश तथा आशीर्वाद का समन्वय कर दिया गया था। पति पत्नी के लिए एक मित्र के समान है जो उपयुक्त अवसर पर पत्नी को कर्तव्यों का भी उपदेश और पत्नीधर्म की शिक्षा देनेवाला कहा गया है। मासिक धर्म के समय नियम के उपदेश की व्यवस्था तथा तदुपरान्त मन्त्रों द्वारा पत्नी के अभिमन्त्रण भी आपस्तम्ब ने पति का कर्तव्य बताया है (पृ० १४१–१४२)। पुत्र-प्राप्ति के लिए ऋतुकाल की उपयुक्त रात्रियों का निर्देश भी आपस्तम्बगृह्यसूत्र में किया गया है। (पृ० १४३)।

जीवन में पत्नी पति के सभी धार्मिक कार्यों में सहयोगिनी और सहभागिनी के रूप में प्रस्तुत की गयी है। धार्मिक कर्म के लिए विवाह और विवाह के दिन से ही अनवरत धार्मिक कर्मों, पूजन, बलिकर्म का सिलसिला आरम्भ होता है जो पर्वों पर, मास में, वर्ष में गृहस्थ को करना है और उन सबमें पति-पत्नी साथ हैं। विवाहित जीवन का यही आदर्श गृह्यसूत्र में दिखायी पड़ता है।

आपस्तम्बगृह्यसूत्र के समाज में नारी की वही स्थिति है जो आपस्तम्ब-धर्मसूत्र में देखी जा सकती है। पत्नी के रूप में वह पति के धार्मिक कर्मों में सहधर्मिणी है और कोई भी गृह्य संस्कार या पाकयज्ञ, उसके अभाव में अपूर्ण

है। इस दृष्टि से नारी को घर में सम्मान प्राप्त था। योग्य सन्तान की उत्पत्ति के लिए नारी का गुणवती होना और पति में परम आस्था रखना अनिवार्य माना गया है। स्त्री द्वारा स्वयं किये जानेवाले यज्ञ कर्म गर्हित माने गये हैं। "स्त्रियानुपेतेन क्षारलवणावरान्नसंसृष्टस्य च होमं परिचक्षते" (पृ० १३२)। ऐसा प्रतीत होता है कि इस समय तक स्त्री-द्वारा मन्त्रों के उच्चारण की विधि समाप्त हो रही थी। उपनयन संस्कार में केशवपन के समय बालक की माता या किसी ब्रह्मचारी के मन्त्र पढ़ने का नियम है। सम्भवतः माता के उपस्थित होने पर आचार्य ही मन्त्र बोलता था, जैसा कि वृत्तिकार और हरदत्त ने भी निर्देश किया है (पृ० १५९)। कुमारी अवस्था में स्त्री के ऊपर विशेष ध्यान रखा जाता था और उसको विवाह के लिए योग्य बनाने की सतर्कता रखी जाती थी। कन्याओं के नाम भी नियम के अनुसार रखे जाते थे, क्योंकि विवाह में नामों का भी विचार होता था। आपस्तम्बगृह्यसूत्र में एक इस प्रकार की आभिचारिक क्रिया का भी संकेत है जो पत्नी को दूसरे पुरुष के प्रति आसक्ति से विरत करने के लिए की जाती थी। (पृ० ३४२) इसी प्रकार सपत्नीबाधन के अभिचार कर्म से सिद्ध होता है कि विवाहित जीवन में भी पुरुष भिन्न स्त्री से संबद्ध हो सकता था। धार्मिक दृष्टि से नारी अस्वतन्त्र थी और वह पूर्णतः घर में सीमित थी। विवाहादि मंगल कार्यों में स्त्रियाँ अनेक प्रकार के रीति-रिवाजों का अनुष्ठान भी करती थीं। गृह्यसूत्र में नारी का केवल एक ही रूप दिखायी पड़ता है—पत्नी का, धार्मिक कर्मों में पति की सहयोगिनी का। धर्मसूत्र में हम नारी को अधिक व्यापक परिवेश में देख सकते हैं।

मन्त्रपूत जीवन—गृह्यसूत्रों के हिन्दू जीवन का प्रत्येक क्षण मन्त्रपूत दिखायी पड़ता है। गर्भाधान से लेकर और मृत्यु के बाद तक मन्त्रों से व्यक्ति और व्यक्ति के कर्मों में पवित्रता के आधान का क्रम सतत चलता रहता है। व्यक्ति का संस्कार मन्त्रों से ही है। सामान्यतः शारीरिक भोग समझे जानेवाले कर्म में भी मन्त्रों का जप इस पवित्रता की दृष्टि से ही विहित है। कन्या को देखने, वरण करने में मन्त्र का पाठ और उसे पिता के घर से ले जाते समय मार्ग में प्रत्येक अवसर पर मन्त्र पाठ, निमित्त होने पर मन्त्र का पाठ, गाड़ी पर बैठते समय, नाव से नदी पार करते समय, घर दिखाते समय मन्त्र के पाठ का विधान है। जातकर्म में बालक का अभिमन्त्रण होने की क्रिया पुनः आरम्भ होती है और वह नयी पीढ़ी में भी अनवरत चलती रहती है।

सामान्यतः प्रत्येक निमित्त के अवसर पर मन्त्रपाठ का निर्देश किया

गया है। अशुभ पक्षी के बोलने पर या प्राचीन वृक्ष को देखकर भी मन्त्र पाठ विहित है (पृ० १४५) छींक आने पर भी मन्त्र पाठ विहित है (पृ० १४४) यात्रा से लौटने पर पुत्र और पुत्री का (पृ० २४४) भिन्न प्रकार की वस्तुएँ प्राप्त होने पर विभिन्न मन्त्रों का पाठ (पृ० ३३६) विहित है।

गृहस्थ जीवन की क्रियाएँ ही नहीं क्रियाओं की भूमि भी मन्त्रों द्वारा संस्कृत की जाती थी। घर बनाने के लिए भूमि का मन्त्रों का संस्कार, स्तम्भों को रखते समय मन्त्रपाठ, घर में उदधान रखने के लिए मन्त्रों का पाठ करने का विधान किया गया है। इस प्रकार सम्पूर्ण हिन्दू जीवन एक महान् यज्ञ के रूप में है और उसकी प्रत्येक क्रिया मन्त्रों द्वारा संस्कृत है, पवित्र है। इस व्यवस्था में मनुष्य को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

